

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




12 अरुंधति के खिलाफ 1 हजार पेज की चार्जशीट, भड़काऊ.........

आइएएस अश्विनी कुमार बने एमसीडी के नए आयुत, 1992 बैच के वरिष्ठ........ 12

वर्ष : 15 | अंक : 69 | नई दिल्ली, गुरुवार, 20 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# प्रधानमंत्री ने राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का किया उद्घाटन

## आग की लपटों में पुस्तकें भले ही जल जाएं लेकिन ज्ञान को नहीं मिटा सकती : मोदी

- पीएम बोलें- भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने

प्रात : किरण



बिहारशरीफ/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आग की लपटों में पुस्तकें भले ही जल जाएं, लेकिन ज्ञान को नहीं मिटा सकते। प्रधानमंत्री बिहार के राजगीर में अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन समारोह पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि यह नया कैंपस, विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। नालंदा बताएगा जो राष्ट्र, मजबूत मानवीय मूल्यों पर खड़े होते हैं वो राष्ट्र इतिहास को पुनर्जीवित कर बेहतर भविष्य की नींव रखना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है, इसमें विश्व और एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। पीएम मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण की भागीदारी में भारत के मित्र देशों का अभिनंदन किया। पीएम मोदी ने कहा, नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। उन्होंने आशा जताई कि नालंदा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आने वाले दिन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने ज्ञान को समाज को एक सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयोग करिए। अपने ज्ञान से बेहतर भविष्य का निर्माण कीजिए। नालंदा का गौरव भारत का गौरव है।

आपके ज्ञान से पूरी मानवता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे युवा आने वाले समय में पूरे विश्व को नेतृत्व देंगे। भारत की पहचान फिर से दुनिया के ज्ञान के केंद्र के रूप में हो। नालंदा का अर्थ बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नालंदा का अर्थ है कि जहां शिक्षा और ज्ञान के दाह का अविरल प्रवाह हो। शिक्षा सीमाओं से परे है। नफा-नुकसान के नजरियों से भी परे है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है। उसे विचार और आकार देती है। नालंदा में बच्चों का नामांकन उनकी पहचान और उनकी राष्ट्रीयता को देखकर नहीं होता था। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, नालंदा एक प्रेरणा है। नालंदा एक पहचान था और जीवन केंद्र हुआ करता था। पीएम मोदी ने कहा कि मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा अभियान का केंद्र बने। भारत की पहचान फिर से दुनिया के ज्ञान के केंद्र के रूप में हो। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार बिहार पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री जयशंकर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित थे।

**आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद :**

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। इसके लिए हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध किया होगा। लेकिन, किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया। आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन गया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय में बच्चों का एडमिशन, उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देखकर नहीं होता था। यहां हर देश, हर वर्ग के युवा आते थे। नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से मजबूती देनी है। उन्होंने कहा कि यहां दुनिया के कई देशों से छात्र आने लगे हैं। यहां नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष भी देखे और उसके इतिहास की जानकारी प्राप्त की।

**नए परिसर का उद्घाटन करने बाद रवाना हुए पीएम :**

राजगीर। प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार 09 जून को शपथ लेने के बाद पहली दफा बिहार दौरे पर पहुंचे नरेंद्र मोदी बुधवार नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (विवि.) के नये परिसर का उद्घाटन और समारोह को संबोधित करने के बाद दिल्ली लौट गए। श्री मोदी राजगीर से हेलीकॉप्टर से गया हवाई अड्डा के लिए रवाना हुए। इसके बाद गया हवाई अड्डा से वह विशेष विमान के जरिए दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गए। वह बुधवार सुबह ही वाराणसी से बिहार आये थे। प्रधानमंत्री ने बुधवार को यहां पहुंचने के बाद सबसे पहले प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने राजगीर में नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने वहां नालन्दा विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे देश विदेश के छात्र-छात्राओं को भी संबोधित किया। नालंदा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन में बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा 17 देशों चीन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, म्यांमार, पुर्तगाल, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम के राजदूत भी शामिल रहे।

**प्रधानमंत्री ने प्राचीन नालंदा के अवशेषों का किया अवलोकन :**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल प्राचीन नालंदा के खंडहरों का बुधवार को दौरा किया। प्राचीन नालंदा के खंडहरों में मठ और शिक्षण संस्थान के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। इसमें स्तूप, मंदिर, विहार (आवासीय और शैक्षणिक भवन) तथा प्लास्टर, पत्थर और धातु से बनी महत्वपूर्ण कलाकृतियां शामिल हैं। नालंदा भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना सर्किल की अधीक्षण पुरातत्वविद् गौतमी भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री को प्राचीन खंडहरों के बारे में जानकारी दी। मोदी ने नालंदा दौरे से पहले सुबह सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, यह हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत खास दिन है। नालंदा का हमारे गौरवशाली अतीत से गहरा नाता है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत मददगार साबित होगा।

## एनडीए सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की पहल शुरू की : नीतीश

**बोलें - 2010 में हमारे अनुरोध पर नालंदा विश्वविद्यालय के लिए लोस में बिल पारित हुआ**

प्रात : किरण



पटना। राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के कैंपस के उद्घाटन के मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसे बिहार का गौरव बताया और कैंपस का उद्घाटन करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि नालंदा विश्वद्यालय के परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हो रहा है। बहुत ही खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री पहली बार राजगीर पहुंचे हैं, मैं तहे दिल उनका स्वागत करता हूं। कार्यक्रम में आने से पहले प्रधानमंत्री ने नालंदा के पुराने खंडहरों क अवलोकन किया है। पहले नालंदा विश्वविद्यालय का कैंपस कितना बड़ा था। अभी तक पुराने विश्वविद्यालय के कुछ हिस्सों की ही खुदाई हुई है। इस क्षेत्र के आसपास के 20-25 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांव भी इस विश्वविद्यालय से जुड़े रहे। नालंदा विश्वविद्यालय की पहचान ज्ञान के केंद्र के रूप में रही है। पुराने विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार छात्र पढ़ते थे जबकि दो हजार शिक्षक बच्चों को पढ़ाते थे। देश ही नहीं दुनिया के अनेक जगहों के लोग यहां आकर पढ़ाई करते थे लेकिन दुर्भाग्यवश यह विश्वविद्यालय नष्ट हो गया था। सीएम ने कहा कि साल 2005 से हम लोगों को काम करने का मौका मिला और तब से हमने बिहार के विकास का काम शुरू किया। 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे और विधानमंडल में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की बात कही थी। जिसके बाद सरकार ने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की पहल शुरू की। केंद्र सरकार से हमने अनुरोध किया था लेकिन उस वक्त केंद्र में जो सरकार थी वह जल्दी कुछ सुन नहीं रही थी। जिसके बाद राज्य सरकार ने इसको लेकर नया कानून बनाया। राज्य सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के लिए 455 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। 2008 में जब काम शुरू हुआ तो कलाम साहब उसे देखने के लिए फिर से आए थे। सीएम नीतीश ने कहा कि 2010 में हमारे अनुरोध पर नालंदा विश्वविद्यालय के लिए लोकसभा में बिल पारित किया गया। उस समय तो सरकार दूसरे की थी लेकिन हमलोग इतना कहते रहे तब जाकर लोकसभा में उसे लाया गया। इसके बाद बिहार सरकार ने भूमि समेत अन्य चीजों को केंद्र सरकार को सौंप दिया था। इसके बाद विश्वविद्यालक का काम धीरे-धीरे होता रहा और साल 2014 से पढ़ाई शुरू हो गई। केंद्र में 2014 में एनडीए की सरकार बनी तो काम में और तेजी आई। 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने विश्वविद्यालय के भवनों का शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि अब नालंदा विश्वविद्यालय पूरी तरह से कार्यरत हो गया है। फिलहाल 17 देखों के चार सौ छात-छात्रा यहां पढ़ाई कर रहे हैं। सीएम ने कैंपस का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि दुनिया का सबसे पहला पौराणिक जगह राजगीर है। राजगीर दुनिया के पांच धर्मों का संगम स्थल है। सिख धर्म के गुरु नानकदेव भी यहां आए थे। मुस्लिम धर्म के महान संत मखदूम साहब को राजगीर में ही ज्ञान प्राप्त हुआ। हिन्दू धर्म का मलमाल मेला का आयोजन हर तीसरे वर्ष किया जाता है। मान्यता है कि उस वक्त 33 करोड़ देवी-देवता यहीं रहते हैं। यहां गर्म पानी का कुंड है। लाखों लोग यहां नहाने आते हैं। मैं तो बचपन से यहां आता रहा हूं। पीएम मोदी से उन्होंने कहा कि आप आ गए हैं तो बहुत अच्छा हुआ। आपको बहुत अच्छा लगेगा। करोड़ों वर्ष पुराने पहाड़ और जंगल है। इनमें जड़ी-बूटियों का भंडर है। एक से एक दवा यहां से निकलती है। इतना ज्यादा राजगीर का महत्व है। बड़े पैमाने पर ईको टूरिज्म का विकास किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नालंदा और राजगीर के पौराणिक महत्व का बखान किया और इसके इतिहास के बारे में जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### असम के करीमगंज में भूस्खलन से पांच लोगों की मौत

गुवाहाटी। असम के करीमगंज जिले में लगातार बारिश के बाद मंगलवार देर रात भूस्खलन में तीन नाबालिगों सहित एक ही परिवार के कम से कम पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि यह घटना बदरपुर पुलिस थाना क्षेत्र के गैनाचोरा गांव में हुई। उन्होंने बताया, देर रात 12 बज कर करीब 45 मिनट पर, एक पहाड़ी पर भूस्खलन की सूचना मिली जिसमें एक घर पूरी तरह से जमींदोज हो गया। बदरपुर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी अपने कर्मचारियों और राज्य आपदा मोचन बल के कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया तीन घंटे के बाद पांच शव बरामद किए गए। कोई जीवित नहीं बचा। मृतकों की पहचान रॉयमुन नेसा और उनके बच्चों साहिदा खानम, जाहिदा खानम और हमीदा खानम के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि भूस्खलन में महिमुद्दीन के तीन वर्षीय बेटे की भी मौत हो गई।

## राहुल गांधी ने जन्मदिन पर कांग्रेस दफ्तर में काटा केक



- खड़गे, प्रियंका समेत कई नेताओं ने दी बधाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में अपना 54वां जन्मदिन मनाया। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कांग्रेस दफ्तर में राहुल गांधी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन समेत कई नेताओं की मौजूदगी में अपना बर्थडे केक काटा। राहुल गांधी ने केक काट कर सबसे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को खिलाया। इसके बाद प्रियंका गांधी ने भाई राहुल को केक खिलाया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है। इससे पहले राहुल गांधी के कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं और नेताओं ने फूलों से स्वागत किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, मेरे प्यारे भाई को जन्मदिन की शुभकामनाएं, जिसका जीवन, ब्रह्मांड और हर चीज पर अनूठा दृष्टिकोण पथ को रोशन करता है। हमेशा मेरा दोस्त, मेरा साथी यात्री, तर्कशील मार्गदर्शक, दार्शनिक और नेता। चमकते रहो, तुमसे बहुत प्यार करती हूं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। भारत के संविधान में निहित मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाजों के प्रति आपकी सहानुभूति दूसरों से अलग बनाती है। कांग्रेस पार्टी की विविधता में एकता, सद्भाव और करुणा की भावना आपके सभी कार्यों में दिखाई देता है, क्योंकि आप सत्ता को सच्चाई का आईना दिखाकर, अंतिम व्यक्ति के आंसू पोंछने के अपने मिशन में लगे हुए हैं। मैं आपके लंबे, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करता हूं। राजस्थान के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, कन्याकुमारी से कश्मीर और पूर्वोत्तर से महाराष्ट्र तक न्याय व सद्भावना की यात्रा के अथक पथिक, सत्यमेव जयते के सिद्धांत को लेकर हर अन्याय के विरुद्ध लड़ने वाले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व लोकप्रिय सांसद राहुल गांधी जी को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं। आपके सशक्त नेतृत्व ने संपूर्ण राष्ट्र में न्याय, संविधान व लोकतंत्र संरक्षण की मुहिम को नया आयाम प्रदान किया है।

## नवनिर्मित पुल का हिस्सा ढ़ह जाने पर कार्यपालक एवं कनीय अभियंता निलंबित

प्रात : किरण

पटना। बिहार के अररिया जिले में बकरा नदी पर नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा मंगलवार को ढ़ह जाने पर कार्यपालक अभिंयता और कनीय अभियंता को निलंबित कर दिया गया। राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने बुधवार को कहा, अभी वह पुल निर्माण की प्रक्रिया में ही था। पुल का गिरना एक गंभीर अपराध है। वहां कार्यरत कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों के निहित स्वार्थ के कारण अगर इस तरह से पुल गिरेगा तो सरकारी धन का दुरुपयोग और क्षति होगी। मंत्री ने कहा कि ऐसा जिस किसी अधिकारी या ठेकेदार की लापरवाही वजह से हुआ हो, उन सभी के खिलाफ सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) द्वारा 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस पुल को लोगों के लिए अभी नहीं खोला गया था। आरडब्ल्यूडी के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया था, पुल का ढहना एक गंभीर मामला है और शुरू से ही इस परियोजना से जुड़े विभाग के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। सिंह ने कहा था, ह्यह्यआरडब्ल्यूडी ने मुख्य अभियंता (पूर्णिया) की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो पुल ढहने के कारणों का पता लगाएगी और आवश्यक उपाय सुझाएगी। समिति को सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। यह पुल अररिया जिले के कुर्सा कांटा और सिकटी इलाकों को जोड़ता है। बिहार के सुपौल जिले में मार्च में कोसी नदी पर एक निमाणाधीन पुल ढह गया था। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गए थे।

## भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान रीढ़ की हड्डी के बराबर : उपराष्ट्रपति

प्रात : किरण



डिंडौरी/एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान शरीर की रीढ़ की हड्डी के बराबर है। जनजाति ही भारतीय संस्कृति और प्रजातंत्र को बल देती है। देश के इतिहास में पहली बार एक जनजातीय समाज की महिला राष्ट्रपति बनती है, यह गौरव का पल है। उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को डिंडौरी प्रवास के दौरान यहां शासकीय चंद्र विजय कॉलेज परिसर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय परामर्श शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस परामर्श शिविर में जिलेभर से 1970 मरीज पहुंचे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का दिल जनजाति के लिए धड़कता है। उन्होंने कहा कि 1989 में जब मैं सांसद बना, केंद्र में मंत्री बना तो हमारी अर्थव्यवस्था लंदन शहर और पेरिस से भी छोटी थी। हमारा सोना हमने स्विटजरलैंड को गिरवी रखा था और अब देखिए हम कहां से कहां आ गए। हमने बहुत सारे देशों को पीछे छोड़ दिया। इसमें जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान है। भारत की पहचान जनजाति कल्चर है। इसी वजह से भारत के प्रधानमंत्री ने दो बड़े संकल्प लिए हैं। भारत जहां दुनिया का छठवां हिस्सा रहता है, जब वह 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो भारत विकसित राष्ट्र होगा और विकसित राष्ट्र की पहचान होगी सिकल सेल बीमारी का पूर्ण अनुमूलन। आयुष्मान योजना के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से खत्म करेंगे।

**समीक्षा** सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ की कार्यों की समीक्षा.........

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : महेश्वर

- विभागीय अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों को मंत्री ने सराहा
- योजनाओं के बारे में जागरूकता के लिए मीडिया का समुचित उपयोग करें

प्रात : किरण



पटना। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में । मंत्री को विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों के संदर्भ में निदेशक सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया। मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि विशेष प्रचार अभियान, विशेष अंगीभूत योजना तथा टीएसपी योजना के तहत प्राप्त आवंटन का समुचित उपयोग करते हुए जन-जन तक सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को पहुंचाना सुनिश्चित करें। मंत्री ने विभाग के स्तर पर विभिन्न विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित तैयार फोल्डर की प्रशंसा की एवं निर्देश दिया कि सभी विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों का फोल्डर तैयार कर इसे क्षेत्रों में समान्य लोगों की जानकारी हेतु वितरित करवाया जाये। साथ ही साथ होर्डिंग के माध्यम से भी सुदूर क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराया जाय। निदेशक सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ-साथ आउटडोर पब्लिसिटी की दिशा में विभाग की कार्य योजना से अवगत कराया गया। बताया गया कि सम्पूर्ण देश में सभी राज्य के जन-सम्पर्क विभाग की तुलना में फेसबूक एवं यूट्यूब पर बिहार द्वितीय स्थान पर है। मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया एवं भविष्य में इसकी पहुंच को और बढ़ाते हुये देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। पीआर एजेंसी, इंटिग्रेटेड वेबसाइट तथा ई-एडभरटिजमेंट के लिए कार्यरत एजेंसियों के संबंध में भी विस्तार से समीक्षा की गयी। मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के सुदूर क्षेत्रों तक पहुंच सुनिश्चित कराने हेतु प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया और अन्य नये मीडिया का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि सभी लोग विभिन्न विभागों की संचालित कल्याणकारी योजनाओं के सदंर्भ में जागरूक हो सके।

**बैठक में ये रहें मौजूद :**

समीक्षा बैठक में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार, निदेशक अमित कुमार, संयुक्त सचिव विद्युभूषण चौधरी, संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमारिल सत्यानंदन, उप निदेशक लाल बाबू सिंह सहित विभाग के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जून में भारत में सामान्य से कम बारिश की संभावना : आईएमडी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को अपने पूवानुर्मान में बताया कि जून में पूरे देश में औसत वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना है, क्योंकि मानसून की प्रगति धीमी हो गई है। जून में दक्षिणी राज्यों और पूर्वोत्तर राज्यों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, जबकि गर्मी की लहर से जूझ रहे उत्तरी और मध्य राज्यों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि जून 2024 (18 जून तक) के महीने में पूरे देश में 64.5 मिमी बारिश हुई, जो 80.6 मिमी के दीर्घावधि औसत (एलपीए) से 20 प्रतिशत कम थी। आईएमडी के एक बयान के अनुसार, ह्लदक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के अधिकांश क्षेत्रों और पूर्वोत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक मासिक वर्षा होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम और उससे सटे मध्य भारत के कई क्षेत्रों और पूर्वोत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। इस महीने के दौरान 11 उप-मंडलों में सामान्य से अधिक तथा 25 में सामान्य से बहुत कम वर्षा हुई।

इस वर्ष केरल में मानसून की शुरूआत सामान्य तिथि से दो दिन पहले और पूर्वोत्तर भारत में 6 दिन पहले हुई। इसके बाद उत्तर दिशा में मानसून की गति धीमी रही और इसने 12 जून तक केरल, कर्नाटक, रायलसीमा, गोवा और तेलंगाना के समूचे राज्यों, दक्षिणी महाराष्ट्र के अधिकांश भागों और दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ भागों, दक्षिणी ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अधिकांश भागों तथा समूचे पूर्वोत्तर राज्यों को कवर कर लिया। आईएमडी ने कहा, हालांकि, उसके बाद मानसून आगे नहीं बढ़ा और 18 जून को मानसून उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, बीजापुर, सुकमा, मलकानगिरी, विजयनगरम से होकर गुजरा। मानसून भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश की 50 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि में सिंचाई का कोई अन्य स्रोत नहीं है। मानसून की बारिश देश के जलाशयों को रिचार्ज करने के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिससे पानी का उपयोग बाद में साल भर फसलों की सिंचाई के लिए किया जा सकता है। भारत, खाद्यान्नों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है, लेकिन पिछले साल अनियमित मानसून से कृषि उत्पादन प्रभावित होने के कारण घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए चीनी, चावल, गेहूं और प्याज के निर्यात पर अंकुश लगाना पड़ा। कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में मदद करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुराने विवाद के चलते दो पक्षों में चले लाठी, ईंट पत्थर, हंगामा

**बाजपुर, एजेंसी।** पुराने विवाद के चलते दो पक्षों के बीच जमकर लाठी, डंडे, ईंट-पत्थर और तलवारें चलीं, जिसमें एक युवती सहित दो लोग घायल हो गए जिससे अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर लाठियां फटकार कर लोगों को खदेड़ा। सभासद मोहम्मद आसिफ ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। सोमवार को कब्रिस्तान में हुए विवाद के बाद दो पक्षों के बीच जमकर लाठी, डंडे, ईंट पत्थर और तलवार चल गई, जिसमें सभासद मोहम्मद आसिफ की बहन शमा परवीन और उस्मान घायल हो गए, जिससे मोहल्ले में हंगामा हो गया। लोगों की भीड़ बढ़ गई। सूचना पर सीओ अन्नराम आर्य, एसएसआई विनोद फर्त्याल, एसआई देवेंद्र मनराल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने सड़क पर लाठियां फटकार लोगों को खेदड़ा। इससे अफरा तफरी मच गई। पुलिस को मौके से एक तलवार मिली है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस फुटेज को खंगाल रही है। बताते हैं कि दूसरे पक्ष से एक युवक घायल हुआ है। सभासद मोहम्मद आसिफ ने उसके भांजे सावेज खान के साथ हुए विवाद के बाद आरोपियों पर घर पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। सीओ अन्नराम आर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम जुटी है। आरोपी घर से फरार हैं।

### फिर दिखा तेंदुआ, कॉलोनीवासियों में दहशत

**काशीपुर, एजेंसी।** बाजपुर रोड स्थित सिटी नर्सिंग होम वाली कॉलोनी में दोबारा से तेंदुआ दिखाई देने से क्षेत्रवासियों में दहशत है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। कॉलोनी निवासी मनदीप सिंह सेठी ने बताया सोमवार सुबह उन्हें कॉलोनी एक तेंदुआ घूमते दिखा। शोर मचाने पर वह भाग गया। उन्होंने बताया लगभग डेढ़ महीने पहले भी कॉलोनी में देर रात तेंदुआ दिखाई दिया था। तब सूचना देने पर वन विभाग की टीम ने रात में ही कांबिंग कर तलाश किया था लेकिन सफलता नहीं मिली थी। उन्होंने बताया पास ही स्थित तीर्थ द्रोणासागर से सटे गौविषाण टीले में तेंदुआ रह रहा है। बावजूद इसके विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। खौफ के कारण शाम ढलते ही कॉलोनीवासी घरों में कैद हो रहे हैं।

### अघोषित कटौती से प्रभावित हो रहा आम जनमानस

**गदरपुर, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की अघोषित कटौती ने भी जनता की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। गर्मी के बढ़ते प्रकोप से शहर में दोपहर में लोगों की आवाजाही भी कम दिखाई दे रही है। ज्यादातर लोग सुबह और शाम के समय बाजार में खरीदारी करने आ रहे हैं। ऊर्जा निगम के जेई मेहताब अली ने बताया कि शासन से मिले दिशा निर्देशों के अनुपालन में घोषित कटौती की जा रही है। बारिश न होने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। संवाद गूलरभोज में दिनेशपुर फीडर से बिजली की आपूर्ति होती है। सोमवार को दिन में चार बार अघोषित कटौती हुई है। इससे लघु उद्यमियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बिजली कटौती के साथ भीषण गर्मी से लोगों को राहत नही मिल रही है। रात को रोस्टिंग के नाम पर प्रतिदिन लगभग 2 घंटे की कटौती हो रही है।

### यूएसए से छुट्टी पर आए युवक की हादसे में मौत

**खटीमा, एजेंसी।** चोरगलिया में जानवर को बचाने के दौरान कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। बताया जा रहा है हादसे में मृत युवक करीब एक माह पूर्व यूएसए से अवकाश पर घर आया था। खटीमा, लोहियापुल निवासी अर्जुन बिष्ट (26) पुत्र नैन सिंह यूएसए में क्रूज में नौकरी करता था। 20 मई को वह दो महीने की छुट्टी पर घर आया था। सोमवार रात वह अपने साथी यशपाल खोलिया के साथ किसी काम से कार से हल्द्वानी जा रहा था। चोरगलिया के पास जंगल में अचानक सड़क पर आए जानवर को बचाने के दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर पे? से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस के जरिये एसटीएच हल्द्वानी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को परिजन युवक का शव लेकर खटीमा पहुंचे। बनबसा स्थित शारदा घाट में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने बताया कि अर्जुन की तीन बहनों का विवाह हो चुका है।

# कार शोरूम की पार्किंग में लगी आग, तीन गाड़ियां जलकर खाक; चारों ओर मची अफरा-तफरी



**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी के पास गोरापड़ाव स्थित एक कार शोरूम की पार्किंग में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। ड्यूटी पर तैनात चौकीदार ने पुलिस को घटना की सूचना दी। दमकल टीम ने तीन वाहनों से आग पर काबू पाया।

हल्द्वानी के पास गोरापड़ाव स्थित एक कार शोरूम की पार्किंग में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। ड्यूटी पर तैनात चौकीदार ने पुलिस को घटना की सूचना दी। दमकल टीम ने तीन वाहनों से आग पर काबू पाया।

हालांकि तब तक तीन कारें जल गई। दमकल विभाग की जांच में कूड़ा जलाने के दौरान आग लगने की बात सामने आई है। हल्द्वानी निवासी गौरव सिंह का गोरापड़ाव इलाके में कार का शोरूम है। मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब आठ बजे डायल 112 पर शोरूम में आग लगने की सूचना आई थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो शोरूम के पीछे बनी पार्किंग में खड़ी कारों में आग धधक रही थी। इसी बीच दमकल की टीम भी तीन वाटर टेंडर के साथ मौके पर पहुंच गई। करीब पौन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एफएसओ मनिंदर सिंह ने बताया कि शोरूम के मालिक फिलहाल विदेश में हैं। बताया जा रहा है कि तीनों गाड़ियां मरम्मत के लिए पहुंची थीं। दमकल विभाग की जांच में प्रथमदृष्टया सामने आया है कि लोगों ने शोरूम की दीवार के बाहर कूड़े में आग लगाई थी। यह आग नाली से दीवार के अंदर आ गई। इसके बाद फैलते हुए कार में लग गई।

# कैंची मंदिर समिति ने जारी की वेबसाइट, अब श्रद्धालुओं को मिल सकेगी सही जानकारी



**नैनीताल, एजेंसी।** ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर समिति और प्रशासन के संज्ञान में आया है कि कुछ स्वार्थी तत्व सोशल मीडिया और संचार के विभिन्न चैनलों के माध्यम से झूठी सूचनाएं देते हुए श्रद्धालुओं को गुमराह कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न प्रकार की सलाह और भ्रामक सूचना फैलाई जा रही है। इसको गंभीरता से लेते हुए मंदिर समिति ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट शुरू करने का निर्णय लिया। आधिकारिक वेबसाइट के जरिये श्रद्धालुओं से सही और प्रमाणित जानकारी साझा की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की ओर से निर्णय लिया गया है कि मंदिर के स्थापना दिवस पर प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इस दौरान श्री कैंची हनुमान मंदिर और आश्रम समिति के सचिव आलोक चोप?ा, मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. सदाकांत शुक्ला, मंदिर प्रबंधक प्रदीप साह भय्यू, शैलेंद्र शाह, एमपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# ब्रेक फेल होने से कार दुर्घटनाग्रस्त युवक की जान गई, परिवार बचा

**गरमपानी (नैनीताल), एजेंसी।** भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार रात आठ बजे हल्द्वानी से रानीखेत जा रही एक कार के ब्रेक फेल होने से कार अनियंत्रित होकर स?क पर जा पलटी। कार के स?क पर पलटने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार छह लोग सुरक्षित हैं। हादसे की सूचना खैरना पुलिस मौके पर पहुंची और लक्ष्मण सिंह (37) पुत्र नारायण सिंह निवासी उत्तम नगर दिल्ली को अचेत अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से गरमपानी सीएचसी लेकर आई। डॉ. अनिल गंगवार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे में वाहन चालक त्रिलोक सिंह (47) पुत्र मदन सिंह उनकी पत्नी उमा बिष्ट (35) श्रेष्ठ (16) पुत्र त्रिलोक सिंह,अनुज (13) पुत्र त्रिलोक सिंह चारों निवासी वार्ड नंबर 1 सिडकुल रोड सितारगंज, निशा सिंह (30) पत्नी लक्ष्मण सिंह,नियान सिंह (6) पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी उत्तम नगर दिल्ली हादसे में बाल बाल बच गए। हादसे की खबर मिलते ही कोश्याकुटोली एसडीएम बीसी पंत ने अस्पताल में पहुंचकर हादसे की जानकारी ली। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी। बुधवार कों शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेजा जाएगा।

# स्ववित्त बीएड पाठ्यक्रम का पैनल ने किया निरीक्षण



**रुद्रपुर।, एजेंसी।** एसबीएस डिग्री कॉलेज में स्ववित्त पोषित बीएड पाठ्यक्रम का वर्ष 2024-25 के लिए कुमाऊं विवि की गठित पैनल टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने स्ववित्त पोषित बीएड पाठ्यक्रम के संबद्धता विस्तारण के लिए दस्तावेजों की जांच की। साथ ही बीएड संकाय, शिक्षण कक्ष, कंप्यूटर कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण कर बीएड के स्टाफ से जानकारी ली। इससे डिग्री कॉलेज में जल्द ही स्ववित्त बीएड पाठ्यक्रम के चलने की संभावना बढ़ गई है। प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने बताया कि निरीक्षक मंडल में संयोजक प्रो. अतुल जोशी के अलावा विषय विशेषज्ञ प्रो. भीमा मनराल, उच्च शिक्षा निदेशालय के प्रतिनिधि प्रो. कमल किशोर पांडे और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शामिल रहे। स्ववित्त पोषित बीएड पाठ्यक्रम के संयोजक प्रो. हरीश चंद्रा, डॉ. मुन्नी जोशी, लोकेश पांडे, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से चढ़ा पारा

**खटीमा, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती और अधिक बिल आने पर आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को ऊर्जा निगम के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। कहा यदि अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक माह से खटीमा में अघोषित बिजली कटौती जारी है जबकि भीषण गर्मी के चलते लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। बिजली कटौती से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि बिजली कटौती के बावजूद बिजली का बिल अधिक आ रहा है जबकि कई घरों में बिजली की खपत बेहद कम है। कहा कि इससे जनता को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने बिजली बिल में सुधार और अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की। साथ ही मांग पूरी न होने पर ऊर्जा निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस दौरान रवीश भटनागर, नरेंद्र आर्य, विनोद चंद, नवीन राणा, मान सिंह, रेहान अंसारी, इमरान आदि थे।



# सूखे रहे नल, पानी के लिए टैंकरों पर चढ़ गए लोग

**हल्द्वानी, एजेंसी।** राजपुरा में नलकूप खराब होने लोगों को टैंकरों के भरोसे रहना पड़ रहा है। टैंकरों आने पर भी में लोगों में पानी लेने के लिए झड़प की स्थिति हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। राजपुरा में पांच हजार लोगों को प्राथमिक विद्यालय के नलकूप से पानी मिलता है लेकिन बीते तीन दिनों से नलकूप ठप है। वहीं राजुपरा कैंट के नलकूप का संचालन भी मंगलवार को बिजली जाने से प्रभावित रहा। बार-बार बिजली आने-जाने से दस हजार की आबादी को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया। जल संस्थान की ओर से मंगलवार को राजपुरा में भेजे गए टैंकर से पानी लेने के लिए लोग उसके ऊपर चढ़ गए। इस दौरान पानी लेने के लिए खींचतान होती रही। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू ने जल संस्थान पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि नलकूप की मरम्मत की जा रही है लेकिन बिजली जाने से कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इधर, जल संस्थान ने अलग-अलग इलाकों में 27 टैंकरों से पांच चक्कर पानी बांटा।



## ट्रेन की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत

**काशीपुर, एजेंसी।** ट्रेन की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर निगम क्षेत्र के फसियापुर लाइन पार निवासी महेंद्र सिंह (35) पुत्र बाबू राम सोमवार रात लगभग नौ बजे मजदूरी कर घर लौट रहा था। इसी दौरान पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के बड़े भाई अशोक सिंह ने बताया कि महेंद्र काशीपुर के मुरादाबाद रोड स्थित आकांक्षा गार्डन के पास एक किराए के मकान में पत्नी और तीन बच्चों (शिखा, परी व दीपांशु) के साथ रहता था। पत्नी जसपुर बस स्टैंड के पास एक स्क्रैप गोदाम में मजदूरी करती है। बताया कि महेंद्र कभी-कभी रात अधिक होने पर फसियापुर अपने घर आकर रुक जाता था। सोमवार को भी वह घर आ रहा था।

# काशीपुर में खराब हो रही हवा की गुणवत्ता

**काशीपुर, एजेंसी।** भीषण गर्मी के चलते एक ओर जहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, वहीं मौसम में सूखापन आने से हवा में प्रदूषण लगातार वृद्धि हो रही है। लू और गर्म हवाएं चलने से धूल के कण काफी तादाद में बढ़ रहे हैं। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 150 दर्ज किया गया। इसे सेहत के लिए भी नुकसानदायक माना जा रहा है। जल्द बारिश नहीं होने पर हवा में प्रदूषण और ज्यादा बढ़ने की बात कही जा रही है। इस बार गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे खेतीबाड़ी, पशु, बाजार सभी बुरी तरह से प्रभावित हैं। मौसम में लगातार शुष्क बढ़ने और नमी कम होने से हवा में वायु की गुणवत्ता खराब हो रही है। काशीपुर में पिछले एक महीने से ही हवा में प्रदूषण की मात्रा बढ़ी हुई है लेकिन पिछले तीन दिन से एक्यूआई 100 के सापेक्ष लगातार 148, 149 और 150 तक बना हुआ है, जो स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है। काशीपुर को देश के ऐसे 331 शहरों में शामिल किया गया है, जिनमें हवा का प्रदूषण मानक से ज्यादा है। इसके अंतर्गत नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत हवा का प्रदूषण कम करने के लिए प्रयास भी किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि नगर निगम काशीपुर की ओर से शहर के कई प्रमुख चौराहों चैती चौराहे, बाजपुर रोड और महादेव नगर नहर आदि के पास टाइल्स लगाने का काम जारी है। यह कार्य भी हवा में प्रदूषण कम करने की दिशा में किया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि मौसम ज्यादा शुष्क होने और बारिश नहीं होने के चलते हवा में प्रदूषण के पार्टिकल्स बढ़ जाते हैं। इस कारण हवा में मानक से ज्यादा प्रदूषण बढ़ जाता है। हवा में तमाम सूक्ष्म कण मौजूद होते हैं।

# अजमेर से ज्यादा गर्म हल्द्वानी, 11 साल का तोड़ा रिकॉर्ड...आज और कल बारिश से राहत की उम्मीद

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी का तापमान मंगलवार को अजमेर, छपरा (बिहार) और अहमदाबाद से ज्यादा गर्म रहा। अधिकतम तापमान 42.5 और न्यूनतम 27.1 डिग्री सेल्सियस के बीच लोग उमस के कारण बेहाल रहे। हल्द्वानी का तापमान मंगलवार को अजमेर, छपरा (बिहार) और अहमदाबाद से ज्यादा गर्म रहा। दिनभर गर्म हवा के थपेड़ों के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। अधिकतम तापमान 42.5 और न्यूनतम 27.1 डिग्री सेल्सियस के बीच लोग उमस के कारण बेहाल रहे। दोपहर के समय 12.9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिम से धूल उड़ाती गर्म हवाएं चलीं और आद्रता 30 प्रतिशत रही। बात यह है कि बुधवार और बृहस्पतिवार को पहाड़ों में हल्की बारिश की संभावना से तापमान गिरने की उम्मीद है। पंतनगर कृषि विवि के मौसम जानकार डॉ. आरके सिंह के अनुसार 19 और 20 जून को हल्की बारिश हो सकती है। पर्वतीय जिलों के मौसम में बदलाव मंगलवार रात से होने लगेगा।



# गैस गोदाम का रखवाला निकला चोरी का मास्टरमाइंड, 64 सिलिंडर बरामद

**ऋषिकेश एजेंसी।** बुल्लावाला स्थित एचपी गैस गोदाम से 105 सिलिंडर चोरी होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गैस गोदाम की देखभाल करने वाला ही चोरी का मास्टरमाइंड निकला। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुंसाई ने बताया कि एचपी गैस एजेंसी बुल्लावाला के प्रबंधक शहबाज अली ने कोतवाली में तहरीर देकर गोदाम से घरेलू और कमर्शियल सिलिंडर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बुल्लावाला स्थित गैस गोदाम कीपर जियाद निवासी मुस्लिम बस्ती बुल्लावाला की भूमिका संदिग्ध लगने पर कड़ाई से पूछताछ की। उसने सिलिंडर चोरी कराना स्वीकार कर लिया। बताया कि आरोपी ही गैस गोदाम में आने-जाने वाले सिलिंडरों का हिसाब रखता था। आरोपी जियाद ने प्राइवेट रूप से डोईवाला में सिलिंडर आपूर्ति करने वाले नरेंद्र और गोपाल से संपर्क किया। तीनों ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से केशवपुरी बस्ती में एक टीनशेड नुमा स्टोर बनाया था। आरोपी जियाद गैस गोदाम के सीसीटीवी कैमरे बंद कर देता था। नरेंद्र और गोपाल एक-एक और दो-दो सिलिंडरों को सप्लाई के बहाने अपने निजी गोदाम पर रख लेते थे। इसके बाद ये लोग सिलिंडर बेच देते थे। आरोपियों ने बताया कि पिछले दो माह से वह ऐसा कर रहे थे। आरोपियों को जब लगा कि पोल खुल जाएगी तो उन्होंने गैस सिलिंडर चोरी होने

## संक्षिप्त खबरें

### गोलू व रामाशंकर के परिजन से मिले पूर्व मंत्री

मुजफ्फरपुर। राज्य के पूर्व मंत्री अजीत कुमार मंगलवार को कांटी क्षेत्र के ढेमहां व रामपुर लक्ष्मी गांव पहुंचे, जहां सड़क दुर्घटना में मृत गोलू पंडित एवं रामाशंकर के परिजन से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस मौके पर मृतक दोनों युवकों के आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार को धैर्य धारण करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री कुमार ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दोनों युवकों के असामयिक निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि दोनों मृतक नौजवान काफी समाजिक, संघर्षील एवं जुझारू व्यक्तित्व के थे, जिस वजह से समाज में उनकी काफी प्रतिष्ठा थी। उन दोनों के निधन से समाज पूरी तरह मर्माहत है। ईश्वर उनके आत्मा को शांति दें।विदित हो कि पिछले दिन गोलू पंडित का सरैया में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, वही रामाशंकर की मौत हार्ट अटैक से हो गई। इन दोनों मृतक नौजवान को श्रद्धांजलि देने वालों में नगर परिषद के पार्षद अशोक कुमार चौधरी, पूर्व मुखिया नंदकिशोर सिंह, पूर्व पंचायत समिति के सदस्य राम आशीष राम, सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत कुमार सिंह, पप्पू सिंह, पूर्व सरपंच मुन्ना ठाकुर, रामप्रवेश पंडित आदि प्रमुख थे।

### मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर वार्ड 14 निवासी हीरा दास की पत्नी रेखा देवी ने मारपीट कर जख्मी कर देने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें गांव के ही ललन कुमार, अनिकेत कुमार, मुकेश दास, राजबली दास, बैजू कुमार, राम शोभित दास, रामविलास दास, राम जीनिश दास, शिवकुमार को नामजद एवं चार-पांच अज्ञात को आरोपित किया। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि मैं अपने पड़ोसी के साथ खेत से घर आ रही थी। तभी ललन कुमार और अनिकेत कुमार अर्धनग्न होकर गलत इशारा करने लगा। मना करने पर पिस्तौल निकाल कर जान करने का धमकी दिया। घर जाकर शिकायत करने पर उपर्युक्त नामित सभी मारपीट कर मुझे एवं आधा दर्जन अन्य महिला को जख्मी कर दिया। तथा लूटपाट किया।

### दो बच्चे की मां को घर से भगाया, पति ने दर्ज कराया प्राथमिकी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से शादीशुदा एक दो बच्चे की मां को घर से भगाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़ित पति ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें बताया है कि 6 वर्ष पूर्व मेरी शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। दो बच्चे कृष्ण कुमार और काव्या कुमारी भी हुई। पारिवारिक स्थिति ठीक न रहने के कारण मैं बाहर रहकर मजदूरी करता हूं। इसी बीच 14 जून को हसनपुर थाना के छोटकी रजवा निवासी आलोक कुमार यादव दो अन्य व्यक्ति के साथ आया एवं मेरी पत्नी, व पुत्री काव्या कुमारी को बोलेरो पर बैठाकर लेकर फरार हो गया। मेरी पत्नी अपने साथ 50000 नगद एवं दो लाख रुपया की जेवरात अपने साथ ले गई है।

### लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर लड़की के पिता ने स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें थाना क्षेत्र के ही प्रदीप राय, गणेश राय, राजा राय एवं प्रदीप राय की मां को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि मेरी 19 वर्षीय पुत्री को प्रदीप राय बहला-फुसलाकर कर गलत इरादे से अपने साथ ले गया है। जिसमें मेरी पुत्री घर से तीन लाख रुपया की जेवरात, 25000 नगद एवं अन्य सामान साथ ले गई। वहीं उन्होंने बताया है कि वे लोग अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं मेरी पुत्री को गलत नीयत से कहीं भेज देगा या हत्या कर देगा।

### मिलीभगत से खाता से 18 लाख रुपया का अवैध निकासी, थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत सिंधिया घाट स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में संचालित खाता से 18 लाख रुपया बैंक कर्मियों के मिली भगत से अवैध तरीके से निकासी का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर खाताधारी सिंधिया घाट वार्ड 12 निवासी राम सागर सिंह ने स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि सिंधिया घाट स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में मेरा खाता संख्या 414702010000966 बहुत दिनों से संचालित है। जब मैं स्वयं अपनी खाता का मिलान किया तो पता चला कि मेरे खाता से 18 लाख रुपए की अवैध निकासी बैंक कर्मियों की मिलीभगत से की गई है। बैंक से स्टेटमेंट प्राप्त कर इस संबंध में शाखा प्रबंधक से पूछने पर उनके द्वारा संतोषजनक जवाब न देकर बदसलूकी करते हुए बैंक से निकल जाने को बोला गया। पीड़ित ने बताया कि मैं काफी भयभीत और परेशान हूं।

# पुलिस ने हत्यारा व घटना के मुख्य आरोपी यदुनाथ सिंह उर्फ भुल्ला को गिरफ्तार कर लिया

- घटना को देखने को जुटी आम लोगों की भीड़
- घटना स्थल पर गोली का खोखा बरामद

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली थानाक्षेत्र के कन्हौली तुरकाहा गांव में वुधवार की सुबह चाचा-भतीजा के बीच भूमि विवाद में गोली चली. जिसमें भतीजा नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ नोखा की मौत हो गई. विवाद में दो राउंड गोली चली. एक गोली नरेंद्र सिंह के पेट में लगी तथा दूसरा गोली उसके पत्नी सुलेखा कुमारी के सिर में खरोंचते हुए निकल गई. जिसमें वह घायल हो गई. परिजनों ने उसे उपचार के लिए खजौली पीएचसी लाया. जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया. मृतक के भाई अमरेंद्र कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में एफआईआर दर्ज हुआ है. जिसमें घटना के मुख्या आरोपी चाचा यदुनाथ सिंह ,कुलदीप सिंह,प्रदीप कुमार, दयानाथ सिंह सहित दो अन्य अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुआ है. पुलिस ने घटना स्थल से एक लोडेड पिस्टल, दो खोखा एवं चार जिंदा कारतूस बरामद किया है. पुलिस ने इस मामले में कन्हौली तुरकाहा गांव निवासी व गोली मारने वाले यदुनाथ सिंह उर्फ भुल्ला को गिरफ्तार कर लिया. थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि घटना के मुख्य आरोपी यदुनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया एवं शेष आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. घटना स्थल की जायजा एसडीपीओ सदर खजौली -2, पुलिस इंस्पेक्टर अभय कुमार, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने लिया है. घटना स्थल पर पुलिस वहां कैंप कर रही है।
खजौली में आये दिन आपराधिक ग्राफ काफी तेजी से बढ़ रहा है. लूट, अपहरण, गोली कांड एवं हत्या की मामले दिन प्रतिदिन बढती जा रही है. आम लोगों का कहना है कि प्रशासन को सख्त होने की जरूरत है.जमीन में जबरन पीलर गाड़ने को लेकर हुई विवाद घटना वुधवार सुबह की है. मृतक के पत्नी सुलेखा कुमारी के अनुसार उसके पति नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ नोखा मवेशी के लिए भूसा निकालने को गया तो देखा की रात में उसके जमीन पर पटेदार चाचा के द्वारा पीलर गाड़ दिया गया है. वह इस पर बोलने लगा. इसी बीच चाचा यदुनाथ सिंह उर्फ भुल्ला अन्य चार लोगों के साथ आया, गाली-गलौज करने लगा. इसी बीच चाचा यदुनाथ सिंह ने दो राउंड गोली फायर किया. एक गोली नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ नोखा के पेट में लगी तथा दूसरा गोली उसके पत्नी सुलेखा कुमारी के सिर को खरोचते हुए निकल गई. जिसमें वह घायल हो गई. नरेद्रं कुमार सिंह की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। परिजनों उसे दोनों को खजौली पीएचसी लाया. जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. जख्मी पत्नी की ईलाज चल रही हैं.क्या कहते है एसडीपीओ मामले के संबंध में एसडीपीओ सदर खजौली-2 मनोज कुमार राम ने कहा कि घटना के मुख्य आरोपी यदुनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया है. घटना में संलिप्त एक भी आरोपी बख्से नहीं जायेगें. पुलिस टीम अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि संलिप्त एक भी आरोपी बख्से नहीं जायेगे. पुलिस ने घटना स्थल से एक लोडेड पिस्टल, चार जिंदा करातूस, दो खोखा बरामद किया है. इस मौके सदर डीएसपी खजौली2 मनोज कुमार, पुलिस इंस्पेटर अभय कुमार, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, पीएसआई जितेश कुमार मिश्रा सहित बीएमपी सशस्त्र पुलिस बल एव ग्रामीण चौकीदार मौजूद थे।

## दो दिनों तक बनी रहेगी हल्की लूं की स्थिति

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में अगले दो दिनों तक हल्की लूं की स्थिति बनी रहेगी। सावधि में अधिकतम तापमान 37 से 39डिग्री सेल्सियस रहने की सम्भावना है। हालांकि लूं की स्थिति में कुछ कमी आने की सम्भावना है। इसके बाद 20-21जून को उत्तर बिहार के कुछ जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान है।इसके बाद बर्षा की सक्रियता में हल्की वृद्धि हो सकती है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 19से 23जून तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी गई है।मौसमीय वैधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 37.0 एवं 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 60 प्रतिशत, हवा की औसत गति 6.8 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 5.4 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 3.1 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 32.4 एवं दोपहर में 38.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। पूवार्नुमान की अवधि में अधिकतम तापमान 37-39 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 26-29 डिग्री सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 50 प्रतिशत रहने की संभावना है।पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 20 से 25 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पूरवा हवा चलने का अनुमान है। किसानों को सलाह दी गई है कि जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो वैसे किसान धान का बीज नर्सरी में प्राथमिकता से गिरायें। मध्यम अवधि के लिए संतोष सीता, सरोज, राजश्री, प्रभात, राजेन्द्र सुवासनी, राजेन्द्र कस्तुरी, राजेन्द्र भगवती, कामिनी, सुगंधा किस्में अनुशंसित है। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपाई हेतु 800-1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बीज गिरायें। नर्सरी में क्यारी की चौडाई 125-1.5 मीटर तथा लम्बाई सुविधानुसार रखें। बीज को बविस्टिन 2 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से मिलाकर बीजोपचार करें। 10 से 12 दिनों के बिचडे वाली नर्सरी से खर-पतवार निकालें।

लम्बी अवधि के धान की रोपनी के लिए खेतों की मेड़ तैयार कर लें। रोपाई के समय लम्बी अवधि की किस्मों के लिए 30 किलोग्राम नेत्रजन, 60 किलोग्राम स्फुर एवं 30 किलोग्राम पोटाष के साथ 25 किलोगाम जिंक सल्फेट या 15 किलोग्गाम प्रति हेक्टर चिलेटेड जिंक का व्यवहार करें। रोपे हुए धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के कार्य को प्राथमिकता दें।लीची तोड़ने के बाद लीची के बगीचों की जुताई कर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करे। प्रति प्रौढ़ पेड़ 60 से 80 किलो कम्पोस्ट अथवा गोबर की खाद. 25 किलो यूरिया 1.5 किलो सिंगल सुपर फॉसपेट, 1.3 किलो म्युरेट ऑफ पोटाश तथा 50 ग्राम सुहागा के मिश्रण को वृक्ष के पूरे फैलाब में समरुप बिछा कर मिट्टी में मिला दें।

## अपराधिक योजना बनाते आर्म्स के साथ पकड़े गए अपराधी

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मे अपराध की घटना को अंजाम देने के पूर्व ही पुलिस ने 7 अपराध कमीर्यों को धर दबोचा तथा उसके पास से लोडेड देसी कट्टा, 2 ट्रक, 1 स्कार्पियो तथा 1 लाख रूपए नगद बरामद किया। बुधवार को मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने 7 अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि बहेड़ा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर राइस मिल सह पैक्स गोदाम पर डाका डालने के लिए अपराध कर्मियों आए थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी कर सभी 7 अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। बहेड़ा एसएचओ चंद्रकांत गौड़ी के नेतृत्व में दरोगा शिवकुमार राम, निलेश कुमार, बसंत कुमार, सुशील कुमार, बृज बिहारी नारायण सिंह, अरुण तिवारी सहित सशस्त्र पुलिस बल छापामारी अभियान को अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर कल्याणपुर भट्ठा मोड़ के पास मंगलवार की सुबह साढ़े 4 बजे में अपराधकर्मी नवादा जिला के नगर थाना के शिवनगर गोवा निवासी करू यादव के 35 वर्षीय पुत्र नागेश्वर यादव उर्फ नागमनी यादव उर्फ अभिशेक, इसी जिला के लोहनी बिगहा निवासी उपेंद्र यादव के 28 वर्षीय पुत्र राहुल रंजन उर्फ राहुल कुमार, इसी जिला के मोती बिगहा निवासी बिंदेश्वर प्रसाद यादव के 32 वर्षीय अभिजीत कुमार उर्फ निप्पु, मोती बिगहा सरयुग यादव के पुत्र गोविंद यादव, चंदन बिगहा निवासी निवासी राज कुमार यादव के पुत्र शिशुपाल कुमार, इसी गांव के रामलखन प्रसाद यादव के पुत्र सकलदेव कुमार, बराकर निवासी स्व छोटन पासवान के पुत्र प्यारे पासवान को संदिग्ध गतिविधि करते हुए पकड़ा गया तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसएचओ ने बताया कि उक्त सभी अपराध कर्मी बहेड़ा थाना क्षेत्र में मवेशी व अनाज चोरी सहित अन्य अपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, जिसे विफल साबित कर दिया गया।

## जिला कांग्रेस कमिटी ने राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व रायबरेली से नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय मे मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा ने केक काटकर राहुल गांधी के दीघार्यु होने की कामनाएं की। इस अवसर पर उन्होंने राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए कहा कि हजारों किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा करके उन्होंने देश की जनता का दिल जीत लिया है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता अब खत्म होने लगी है। इस आयोजन की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम चौधरी ने की। मौके पर पूर्व मेयर अजय कुमार जालान, प्रदेश प्रतिनिधि पं.रामनारायण झा, जिला मीडिया प्रभारी मो. असलम, प्रदेश प्रतिनिधि रेयाज अली खां, मनोज झा, दयानंद पासवान, रतिकांत झा, प्रो. उदयशंकर मिश्रा, अरूण झा, गणेश चौधरी, परमानंद झा, पूनम झा, दिनेश गंगनानी, शुशील कुमार सिंह, उदितनारायण चौधरी, धनंजय सिंह, प्रो. शिवनारायण पासवान, कमलाकांत चौधरी, मो.चांद, अंसार हसन, नारायण पासवान, विशाल महतो, मनोरंजन झा, प्रभाकर मिश्र, प्रो. मिथिलेश यादव, पंकज चौधरी, नवीन झा, नारायण यादव, दिलीप महतो आदि थे।

## बेनीपट्टी थाना क्षेत्र में आपसी झगडे में गोलीबारी की घटना

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी घटना बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के समदा पंचायत अन्तर गत देवरी गांव में घटी है घटना के बाद परिजन सभी को लेकर बेनीपट्टी अनुमंडल अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच कर मोहम्मद जहीर को मृत घोषित कर दिया.. वहीं घायल जय करण गिरी का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है अनुमंडल अस्पताल में जब परिजन दोनों को लेकर पहुंचे इस दौरान आरोपी युवक ने गांव के ही एक युवक को कॉल कर घटना को लेकर स्थिति भी जाननी चाही कॉल में युवक खुद को बेनीपट्टी में ही बता रहा है फिलहाल अनुमंडल अस्पताल में सर्किल इंस्पेक्टर पुलिस दल बल के साथ पहुंचे हुए हैं परिजनों से घटना के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं घटना में जान गंवाने वाला युवक के अलावे एक अन्य घायल व आरोपी इसी गांव के हैं परिजनों के अनुसार आरोपी युवक गिरधारी झा ने घटना को अंजाम दिया है इस घटना में जिस युवक की गोली लगने से मौत हुई है उसके परिजन घटना की वजहों को लेकर कुछ भी बताने में असमर्थ हैं वहीं घटना में घायल जय करण गिरी की पुत्री ने घटना के पीछे की वजह मोबाइल छीनतई बताया है लड़की का कहना है कि आरोपी गिरधारी उससे जबरन फोन पर बात करने की कोशिस करता था, जिसका मैनें विरोध किया. इसी क्रम में आज रात वह मेरे घर के पास आया और मेरा मोबाइल छीनने की कोशिस की इसी क्रम में मैनें जब बचाव किया तो उसनें हाथ पर दांत भी काट लिया और मोबाइल लेकर भागने लगा हो हल्ला की आवाज सुन मेरे पिता दौड़ेजहां उसनें उन्हें गोली मार दी वहीं जब लड़की से मृतक जहीर को लेकर सवाल किया गया तो उसनें बताया कि उसका शव उसके घर से दूर मिला है इधर घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है, जांच में पुलिस जुड़ चुके हैं।

## मुफ्फसिल पुलिस की 18 छापेमारियों में से 11 छापेमारियों में शराब तस्कर हुए फरार

**एक लाख रुपए महीना रंगदारी मांगने व फायरिंग के आरोपी कुख्यात को गिरफ्तार नहीं कर रही पुलिस**

- दर्ज मामलों के अभियुक्तों की भी नहीं हो रही गिरफ्तारी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल पुलिस दर्ज मामलों के अभियुक्तों व शराब बरामदगी वाले मामलों में शराब तस्करों की गिरफ्तारी नहीं कर पा रही है। जहां एक तरफ थाने में इससे संबंधित दर्ज मामलों में वृद्धि हो रही है, वहीं इसके अभी अब तो खुलेआम छुट्टे घूम रहे है।

वहीं कई आपराधिक मामलों पुलिस एक भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। वहीं मुफस्सिल पुलिस की अधिकांश छापेमारी में शराब कारोबारी खासकर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब हो जाते हैं। ऐसा नहीं है

कि पुलिस शराब की बड़ी खेप नहीं पकड़ पा रही है, शराब तो पकड़ा जा रहा है, लेकिन पुलिस शराब तस्करों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। 18 छापेमारियों में से 11 छापेमारियों में शराब तस्कर व कारोबारी फरार होने में सफल रहे हैं। समुचित कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र के अपराधियों और शराब तस्करों का मनोबल बढ़ा हुआ है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मगरदही खरीदाबाद वार्ड नंबर 36 में ग्रिल व्यवसायी मुकेश कुमार से कुख्यात अपराधी शत्रुघ्न राय, उज्जवल मिश्रा एवं विवेक कुमार उर्फ बादल, राजेश कुमार व अन्य पांच-छह अज्ञात लोगों के द्वारा एक लाख रुपए महीना रंगदारी की मांग करते हुए हत्या की नियत से फायरिंग व गाली-गलौज करते हुए हत्या की धमकी देने के मामले में दर्ज एफआईआर के बावजूद अभी तक न तो किसी की गिरफ्तारी हुई और न ही कोई कार्रवाई हुई है। जबकि घटना के आरोपी शत्रुघ्न राय के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले पूर्व से दर्ज हैं

और उसका नाम कुख्यात अपराधियों की लिस्ट में भी आ चुका है। वहीं जितवारपुर कन्हैया चौक के जहर देकर हत्या मामले में दर्ज एफआईआर के बावजूद पुलिस ने न ही कोई कार्रवाई की है और न ही किसी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जबकि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मुफ्फसिल थाने में पूर्व से आपराधिक मामला दर्ज है।

## स्वर्ण कारीगर की बहन से पूर्व लिखित आवेदन पर कराया सिग्नेचर

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

स्वर्ण कारीगर से लूट मामले में पुलिस अभी तक जांच में ही जुटी हुई है। मामले में टाइगर मोबाइल का नाम आने के बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर छापेमारी की है। हालांकि अभी तक इस मामले से जुड़े किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित स्वर्ण कारीगर के यहां दो बार नगर थाना पुलिस को भेजा गया। जहां स्वर्ण कारीगर कैलाश कुमार से पुलिस की मुलाकात तो नहीं हो पायी, लेकिन उसकी बहन से पूर्व लिखित आवेदन पर सिग्नेचर ले लिया गया। जबकि पूर्व लिखित आवेदन पर सिग्नेचर करने से कैलाश कुमार की पत्नी बार-बार मना कर रही थी, बावजूद इसके किसी तरह से समझा-बुझाकर पुलिस ने पूर्व लिखित आवेदन पर कैलाश कुमार की बहन का सिग्नेचर ले लिया और वापस चली आयी। वहीं पुलिस सूत्रों का बताना है कि आरोपी टाइगर मोबाइल घटना के दिन रनिंग ड्यूटी में था। रनिंग ड्यूटी के दौरान वह क्यों स्वर्ण कारीगर के साथ था, इसका जवाब अभी पुलिस के पास नहीं है। नगर थाना क्षेत्र के पटेल गोलंबर के पास बीते 15 जून को एक स्वर्ण कारीगर को पकड़कर उसे बारह पत्थर मोहल्ले के इधर ले जाकर उसके साथ मारपीट करने और उसके पास से एक सोने का चेन जबरन छीनने और उससे सात हजार रुपए लिए जाने का मामला सामने आया था। इसमें एक टाइगर मोबाइल और उसके सिविलियन सहयोगियों की भूमिका होने की चर्चा थी। घटना के बाद रात में स्वर्ण कारीगर व उनके साथियों ने इसकी शिकायत नगर थाना में जाकर की, तो उन्हें वहां से डांटकर भगा दिया गया था। हालांकि छोटू से मिली जानकारी के अनुसार स्वर्ण कारीगर को उनका लूट गया सोने का चेन वापस लौटा दिया गया था। वहीं इस संबंध में एएसपी संजय कुमार पाण्डेय का बताना है कि मामले की जांच कराई जा रही है और जो भी मामले में दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ जन प्रदर्शन की तैयारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एस.यू.सी.आई.(कम्युनिस्ट) मीनापुर प्रखंड अंतर्गत रानीखैरा पचायत स्तरीय कार्यकताओं की मीटिंग राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय रानीखैरा के कैंपस में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए शिव कुमार ने कहा कि वर्तमान हालात में प्रत्येक घर कर्ज में डूबा हुआ है। जीवन जीना बहुत ही मुश्किल हों चुका है। आये दिन समाज में हत्या-लूट व अपराध जैसी घटना आम बात हो गई है। कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। सरकारी पदाधिकारी भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त हैं। परिमार्जन, जमाबंदी व दाखिल- खारिज से लेकर हर तरह के काम में रिश्वतखोरी बेलगाम है उसके बावजूद भी काम हों जाने की कोई गारंटी नहीं है। थाना, पुलिस, कोर्ट, कचहरी, बिजली कार्यालय से लेकर स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल हर जगह आम जनता की लूट जारी है। युवाओं के लिए भी कहीं कोई काम की निश्चित गारंटी नहीं है। राम किशोर यादव ने कहा कि किसी भी समस्याओं के समाधान के लिए आम जनता को संगठित कर दीर्घ स्थाई आंदोलन निर्मित करना ही वक्त की पुकार है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जुलाई को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा बढ़ते अपराध के खिलाफ मीनापुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष आयोजित जन प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जन संपर्क अभियान तेज किया जायेगा।बैठक की अध्यक्षता डॉ. श्यामचंद्र यादव ने किया। इस बैठक में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राम प्रसाद राय, कन्त लाल राय, राज देव राय, राम नंदन सहनी, राम इकबाल राय, राम प्रताप राय, राम कृपाल ठाकुर, हरिन्द्र राय, राम शरण राय, सचिन कुमार, राम ईश्वर राय, कलेश्वर राय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## मुख्यमंत्री के युवा कल्याणकारी कदमों का पूर्व विधान पार्षद ने किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बिहार में नीतीश कुमार की सरकार द्वारा युवाओं के लिए नौकरी का पिटारा खोलने एवं नौकरी पाने से वंचित रहने वाले बेरोजगार युवाओं को स्वयं सहायता भत्ता यानी बेरोजगारी भत्ता दिए जाने के निर्णय का जदयू के महासचिव सह पूर्व विधान पार्षद प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने स्वागत किया है। बुधवार को उन्होंने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि राज्य की नीतीश सरकार ने 92 हजार युवाओं को लक्ष्य कर मुख्यमंत्री निश्चय स्वंय सहायता भत्ता योजना के तहत करीब सवा 16 करोड़ रुपए जारी कर यह साबित कर दिया है कि वह सूबे के युवाओं के भविष्य के प्रति कितना संवेदनशील हैं। प्रो चौधरी ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को यह भत्ता मिलने से रोजगार की तलाश में महत्वपूर्ण आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के साथ ही उनके लिए नौकरी का पिटारा भी खोलने जा रही है। इसके तहत अगले एक साल के भीतर 16 लाख से अधिक युवाओं को या तो सरकारी नौकरी मिलेगी या फिर रोजगार मिलेगा। एक साल के अंदर सरकार अलग-अलग विभागों में खाली पड़े करीब सवा पांच लाख पदों पर बहाली करने के साथ ही 11 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा अपने सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं के लिए उठाए जा रहे कल्याणकारी ठोस कदम का स्वागत करते हुए उन्हें साधुवाद दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति हेतु आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता की स्थापना के लिए सख्त कानून बनाए जाने एवं इससे संबंधित प्रस्ताव विधानसभा के आगामी सत्र में लाए जाने के निर्देश का भी तहे दिल से स्वागत किया है।

## बाइक सवार बदमाशों ने ज्वेलरी से भरा बैग लेकर हुआ फरार, पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भूतेश्वर चौक से बाइक सवार दो की संख्या में आए बदमाशों ने ज्वेलरी से भरा बैग लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर आलमपुर पहाड़पुर निवासी मोतीलाल महतो के पुत्र राकेश कुमार सिंह ने स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि मेरा भूतेश्वर चौक स्थित आशा ज्वेलर्स नामक दुकान है। मैं प्रतिदिन दुकान की ज्वेलरी रात में बंद करते समय बैग में लेकर घर चला जाता हूं और सुबह साथ में लेकर आता हूं। 19 जून बुधवार की सुबह मैं बैग लेकर दुकान खोलने आया। बैक को दुकान के आगे चौकी पर रखा और ताला खोलने लगा। किसी कारणवश ताला नहीं खुला और पीछे मुड़कर देखा तो काले रंग के बाइक पर सवार दो की संख्या में बदमाश युवक मेरा ज्वेलरी से भरा बैग लेकर भाग रहा है। मैं शोर मचाते हैं उसके पीछे दौड़ा। लेकिन वह बैग लेकर भागने में सफल रहा। मेरे बैग में 100 ग्राम सोने का ज्वेलरी, 2 किलो 250 ग्राम चांदी का ज्वेलरी एवं 5 हजार नगद था। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण उसका नंबर नहीं देखा पाया। घटना की सारी वारदात आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

## असम की रहने वाली लड़की को शादी का झांसा देकर दिल्ली में बनाया शारीरिक संबंध, प्रेग्नेंट के बाद छोड़ा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के एक युवक पर दिल्ली में रहने वाली असम की लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और गर्भवती होने के बाद उसे हत्या की धमकी देकर छोड़ देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता के द्वारा महिला थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी गई है। आवेदन में पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौड़ा के रहने वाले मो. शहादत से इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दोस्ती हुई थी। उसके बाद मो. शहादत के कहने पर वह दिल्ली में रहने लगी। जहां वह शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था। गर्भवती होने के बाद शादी की बात कहने पर मो. शहादत उसे समस्तीपुर लेकर चला आया। जहां रेलवे स्टेशन पर मो. शहादत ने उससे उसका मोबाइल रुपए और कागजात ले लिया और हत्या के धमकी देते हुए उसे भगा दिया।

## बाइक चोरी के मामला में गिरप्तार कर वुधवार को न्यायायिक हिरासत में भेजा गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के मनियरवा गांव निवासी सुरेश यादव एव कलुआही थाना क्षेत्र के नरार गांव निवासी ऋषि कुमार सिंह को वाइक चोरी के मामले में एसआई मुनेश्वर प्रसाद गुप्ता ने गिरप्तार कर वुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. एसआई एमपी.गुप्ता ने बताया कि दोनों वाइक चोर की निशानदेही पर तारापट्टी गांव स्थित आम की बगीचा में चोरी की दो मोटरसाइकिल छिपाकर रखे हुए को बरामद किया गया.थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों वाइक चोर अभियुक्त पूर्व में वाइक चोरी कांड में संलिप्त है.दोनों चोर को गिरप्तार कर जेल भेज दिया गया.

## बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि अभिलंब बढ़ाए राजभवन : आइसा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।बिहार में बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाने को लेकर आज आइसा के द्वारा महामहिम कुलाधिपति महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग की गई। आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार और राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने राज भवन जाकर महामहिम के कार्यालय में ज्ञापन रिसीव कराया है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है की बिहार में बीएड प्रवेश के लिए तिथि नोडल वि वि द्वारा दिनांक 25 जून 2024 तय किया गया है। ठीक उसी दिन 25 जून को राष्ट्रीय स्तर पर नेट सीएसआईआर की परीक्षा भी आयोजित हैं। दोनो परीक्षा एक डेट में होने से छात्र - छात्राओं के बीच संशय का स्थिति उत्पन्न हो गया है। परीक्षा के लिए चयनित नोडल वि वि के कुलपति महोदय को इस संदर्भ में स्थानीय छात्र नेताओं के द्वारा बताया गया लेकिन उन्होंने डेट बढ़ाने से इंकार कर दिया। विदित हो की नेट की परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर होती है। और बीएड प्रवेश परीक्षा राज्य स्तर पर आयोजित हो रहा है। उक्त राज्यस्तरीय परीक्षा के तिथि को छात्र - छात्राओं के भविष्य को देखते हुए आगे बढ़ाया जा सकता है।आइसा नेताओ ने बिहार के कुलाधिपति महोदय से मांग किया है की छात्र - छात्राओं के भविष्य को देखते हुए अभिलंब बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाई जाया।

## संक्षिप्त खबरें

### चलो कलेक्ट्रेट अभियान की सफलता को लेकर बैठक



जमुई:आगामी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाले चलो कलेक्ट्रेट अभियान की सफलता को लेकर सदस्यों की बैठक जिलाध्यक्ष राकेश कुमार चौधरी उर्फ शंभू चौधरी की अध्यक्षता में जय शगुन वाटिका विवाह भवन के परिसर में हुई। इस दौरान चलो कलेक्ट्रेट अभियान को सफल बनाने को लेकर शहर के सभी मुख्य मुख्य स्थलों पर बैनर लगाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता को लेकर जमुई, झाझा और सिकंदरा नगर समेत पूरे जिले के लोगों के बीच पंपलेट का वितरण करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। संगठन का विस्तार करके अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और दायित्व देने को लेकर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने एक स्वर से कहा पूरे देश में हम दो और सबके दो बच्चों की प्रवृत्ति को लागू करने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून संसद में पारित होना आवश्यक है। इस कानून को पारित करने के लिए पूरे देश में जन समर्थन जुटाने को लेकर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। चलो कलेक्ट्रेट अभियान की सफलता को लेकर 17 जून को जूम मीट के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में दक्षिण बिहार क्षेत्र के जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी की बैठक की जा चुकी है। सभी लोग इस अभियान में अधिक से अधिक सहयोग करके इसे सफल बनाने का काम करें, क्योंकि यह राष्ट्रहित में बहुत ही आवश्यक है। इस मौके पर प्रदेश सहसंयोजक शंकर प्रसाद साह, डॉ विभूति भूषण, रॉकी श्रवण, डॉ राजेश कुमार, बलवंत कुमार सिंह, दिलीप मालाकार, शुभम कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मधेपुरा में पीएचडी रिजल्ट में बड़ा घोटाला, बीएनएमयू के शाख पर खड़ा हो रहा है सवाल

## बीएनएमयू में रिजल्ट घोटाला को लेकर छात्र नेताओं ने जमकर किया प्रदर्शन

- परीक्षा नियंत्रक ने कहा रिजल्ट पर नहीं मेरा हस्ताक्षर, मैं इस मामले में अपने आपको रखा था दूर

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा बी.एन.मंडल विश्वविद्यालय में एक और रिजल्ट घोटाला सामने आया है। लेकिन परीक्षा नियंत्रक ने दी अपनी सफाई देते हुए कहा की रिजल्ट पर मेरा हस्ताक्षर नही है। दरअसल बिहार में बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले मधेपुरा के बी.एन.मंडल यूनिवर्सिटी का एक अजीबो गरीब दास्तां सामने आया है। बता दें कि मंडल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा परिणाम को विश्वविद्यालय के यू एम आई एस पोर्टल पर अपलोड तो कर दिया गया है, लेकिन प्रकाशित रिजल्ट पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक का फर्जी हस्ताक्षर का मामला सामने आया है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब इस परीक्षा में शामिल 370 छात्रों में से 97 छात्र छात्राओं को अनुतीर्ण घोषित किया गया है। जिसके बाद कई छात्र संगठनों के नेताओं ने इस रिजल्ट पर सवाल खड़ा कर विश्विद्यालय के शाख पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। वहीं एनएसयूआई के छात्र नेता निशांत यादव और आइसा के छात्र नेता अरमान अली की माने तो बीएनएमयू में पीएचडी रैकेट एक्टिव है जो छात्रों का शोषण कर रहा है। पीएचडी कोर्स वर्क के परिणाम में बड़े पैमाने पर अनियमितता और धांधली की बू आ रही है। जहां 370 छात्र, छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे वहीं 98 छात्रों को फेल कर दिया गया है। जबकि बीएनएमयू में कार्यरत कई अधिकारियों के पत्नी और बच्चे को उत्तीर्ण कर दिए गये हैं। छात्र नेताओं का मानना है कि बीएनएमयू के स्थापना काल से हीं आज तक कभी इतने बड़ी संख्या में कोर्स वर्क में छात्र फेल नहीं हुए हैं तो निश्चित रूप से इसबार बड़े पैमाने पर रिजल्ट में धाँधली बरती गयी है। विश्वविद्यालय परिसर में हीं छात्र नेताओं ने रिजल्ट की प्रतिलिपि को जलाकर विरोध प्रदर्शन भी किया और विश्वविद्यालय कुलपति एवं कुलसचिव पर कई गंभीर आरोप लगाये। वहीं इस मामले को लेकर मीडिया ने परीक्षा नियंत्रक से सवाल पूछा तो बी.एन.मंडल यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक प्रो.शशिभूषण ने रिजल्ट प्रकाशन को लेकर अपनी अनभिज्ञता जाहिर की है। परीक्षा नियंत्रक का मानना है कि कुछ निजी कारण से मैं कोर्स वर्क परीक्षा से दूर रहा था। रिजल्ट पर नियंत्रक के हस्ताक्षर की बात पर उन्होंने कहा कि वो फेसीमाईज साईन है, मुझे इसकी जानकारी बाद में मिली। हालांकि परीक्षा नियंत्रक के इस बयांन के बाद से पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा परिणामों पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना हीं नहीं बीएनएमयू के शाख पर भी प्रश्न चिन्ह उत्पन्न हो रहा है, वैसे बीएन मंडल विश्विद्यालय स्थापना काल से विभिन्न समस्याओं को लेकर सवालों घेरे खड़ा रहा है अब ताजा मामला रिजल्ट घोटाला से जुड़ा है।

# हीटवेव का कहर जारी

## लु लगने से सैफ जवान की मौत परिजनों में मातम



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/सोनो- सोनो थाना क्षेत्र के महेश्वरी गांव स्थित कैंप में पिछले तीन वर्षों पूर्व से लगातार कार्यरत एक सैफ जवान अजय कुमार साह की मौत मंगलवार को लु लगने से हो गई है । वे 58 वर्ष के थे । वे पटना जिले के न्यु तारा चक दानापुर के रहने वाले बतायें गए हें । वे अब तक कुल 18 वर्षों तक लगातार पुलिस विभाग रहकर इमानदारी पुर्वक अपनी ड्यूटी निभायें हैं । सोनो थाना के महेश्वरी केंप परिसर में ड्युटी के दौरान लु लगने से हुई मौत पर महेश्वरी केंप सहित सोनो थाना में कार्यरत सभी जवान हतप्रद हैं । घटना की जानकारी मिलते ही अपने जवानों के साथ मौके पर पहुंचे सोनो थाना अध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने मृतक जवान की शव को पोस्टमार्टम के बाद उनके घर दानापुर भेज दिया गया है ।

# सेवानिवृत शिक्षक हरिवंश पाण्डेय के निधन पर शोक

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/बरहट। प्रखंड क्षेत्र के गुगुलडीह गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक सह समाजसेवी 100 वर्षीय आचार्य श्री हरिवंश पाण्डेय का मंगलवार की शाम हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर ग्रामीणों में शोक की लहर है। घर पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा रहा। जमुई जिले के अलीगंज के हाई स्कूल अरहा के संस्कृत शिक्षक पद से 1989 में सेवानिवृत्त हुए थे। वे एक अनुशासनप्रिय एवं आदर्श शिक्षक के रुप में जाने जाते थे। मुखिया बलराम सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा शिक्षा जगत में उन्होंने काफी योगदान दिया। उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति हमेशा जागृत किया। वे सरल स्वभाव के धनी होने के साथ साथ मृदुभाषी भी थे। वे अपने पीछे पांच पुत्रों और दो पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके बड़े पुत्र आचार्य श्री परमानंद पाण्डेय ने बताया कि गुरुवार को अंतिम संस्कार नकटी नदी तट पर होगा। पूर्व सरपंच अजय सिंह, प्रमोद सिंह, जगत पाण्डेय, अभिमन्यु पाण्डेय, भोला पाण्डेय, संजीत पाण्डेय, अलख पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय, गोपाल पाण्डेय, मदन पाण्डेय, मनोज पाण्डेय,नवीन पाण्डेय, बालदेव मिस्त्री, जनार्दन शर्मा, शुभम पाण्डेय ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

# छात्र संख्या बढ़ाने के लिए डोर टू डोर पहुंच रहे शिक्षक



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/बरहट : विद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षक डोर टू डोर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर रहे हैं। आज इसी क्रम में मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय गुगुलडीह के सभी शिक्षक अभिभावकों से संपर्क करते हुए नजर आए। प्रधानाध्यापक सत्यनारायण प्रसाद कुर्मी ने कहा कि हमलोग वर्ग 1 से 12 वीं तक के सभी बच्चों का विद्यालय में उपस्थिति सत प्रतिशत के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही अभिभावकों को सभी कार्य छोड़कर अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा उमस भरी गर्मी छुट्टी के बाद विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाना शिक्षकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। हमलोग छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए घर घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने की अपील कर रहे हैं। शिक्षकों ने भी अभिभावकों से कहा कि बच्चों को विद्यालयों में जरूर भेजें। जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सत्यनारायण प्रसाद कुर्मी, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों का नामांकन कराने व उन्हें विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया।

# आजमगढ़ सियालदह एक्सप्रेस से बुर्जुग व्यक्ति का उतारा गया शव

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] आजमगढ़ सियालदह साप्ताहिक एक्स्प्रेस के स्लीपर कोच में सफर के दौरान एक बुर्जुग व्यक्ति की मौत हो गई। रेलयात्रियों के द्वारा इसकी सूचना दि गई जिसके बाद उक्त गाड़ी के झाझा रेलवे स्टेशन पर लगने के बाद बुर्जुग व्यक्ति के शव को नीचे उतारा गया और फिर रेलवे चिकित्सक के द्वारा जांच किया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेलपुलिस और आरपीएफ को सूचना मिलने पर दोनो थानाओं की पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त को लेकर जांच किया गया तो उक्त मृत बुर्जुग के पास से एक बैंग बरामद हुआ जिसको सर्च करने पर कुछ दवा और एक छोटा डायरी मिला जिसमें कई लोगों का नंबर लिखा हुआ था और एक बलिया रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म टिकट बरामद हुआ। डायरी में मिले नंबर पर संपर्क करने के बाद कुछ लोगों को विडियो कॉल के माध्यम से बुर्जुग व्यक्ति का शव दिखाया गया तो उसकी पहचान हो सकी। मृतक की पहचान बलिया क्षेत्र के रहने वाले विजय प्रकाश दुबे के रूप में हुई। इधर रेलपुलिस ने शव को कब्जें मे लेने के बाद मृतक के परिजनों का पता लगाकर घटना की जानकारी दिया। परिजनों के मुताबिक विजय प्रकाश दुबे बलिया से कोलकाता जा रहा था।

# 25 जून को लखनऊ में होगी मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय कमेटी का बैठक




- बिहार से 20 प्रतिनिधि सहित देश भर के 300 प्रतिनिधि लेंगे भाग - किरण देव यादव
- अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का किया अपील, ससमय लखनऊ करें कूच - चंद्रहास यादव

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी किरण देव यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 जून को लखनऊ में राष्ट्रीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। श्री यादव ने बताया कि बैठक में मिशन सुरक्षा परिषद का उद्देश्य, जागरूकता, सदस्यता अभियान, कमेटी गठन, संगठन विस्तारण, पद सृजन, मनोनयन, जिम्मेदारियां, कार्यक्रम, राजनीतिक एजेंडा, चुनावी गतिविधियों में भाग लेने, राजनीतिक विकल्प देने, बहुजनों का संवैधानिक जनतांत्रिक अधिकार, कर्तव्य, आंदोलन आदि विषयों पर गंभीर विस्तारित चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम अंबेडकर करेंगे। वही सभी राज्यों के प्रतिनिधि सहित बिहार से 20 प्रतिनिधि सहित देश भर का 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रहास यादव, एलसी पूनियां, ललिता कुमारी, दिलीप कुशवाहा, संतोष यादव, शत्रुघ्न पासवान, किरण देवी, बिनोद पासवान, संजय मुखिया, अमित कुशवाहा, बिनोद यादव, लाल बहादुर साह, मीरा बौद्ध आदि सक्रिय भाग लेंगे।

# करियर को सही दिशा में ले जाने आवश्यक टिप्स

## एलआईबी की टीम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] पुरानी बाजार स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में लेट्स इंस्पायर बिहार जमुई टीम द्वारा एक दिवसीय कैरियर कॉउंसलिंग सह प्रेरणा सत्र आयोजित की गई। इस सत्र में युवा छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के साथ साथ केरियर को सही दिशा में ले जाने के लिए आवश्यक टिप्स दिए गए। समारोह में लेट्स इंस्पायर बिहार के जमुई समनव्यक विकास कुमार, महिला समन्वयक रुक्मिणी कुमारी झा, शिक्षा समन्वयक जलज राय एवं ने संयुक्त रूप से कैरियर, अध्ययन, लक्ष्य पूर्ति तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के विषय में विस्तारपूर्वक समाधान बताया। अपने संबोधन में समन्वयको ने कहा कि, बिहार की खोई हुई गौरवशाली अस्मित्ता को पुनर्स्थापित करने में युवाओं की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है, ऐसे में उन्हें समय अंतराल पर प्रेरित करने की आवश्यकता है । इधर, केरियर कॉउंसलिंग के दौरान छात्र छात्राओं को बिहार सरकार के स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। बताया कि बिहार सरकार अब उन्हें इस योजना के तहत 4 लाख का शिक्षा ऋण मुहैया करा रही है, इसलिए अब उच्च शिक्षा प्राप्त करने को इच्छुक युवा वर्ग की राह में आर्थिक तंगी बाधक नहीं बनेगी। वहीं, सत्र के अंतिम पड़ाव में युवा छात्र छात्राओं को एल आई बी के मूलमंत्र शिक्षा समता और उद्यमिता का पाठ पढ़ाया गया। इसके बाद सम्मान समारोह आयोजित कर मैट्रिक / इन्टर की परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन करने वाले मनीष कुमार, बादल कुमार, मिथलेश कुमार, पूजा कुमारी, पूनम कुमारी, एवं अपर्णा झा को प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर दर्जनों युवा छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

# काली पूजा को लेकर तीन गांव के ग्रामीणों के बीच हो रहे बैठक में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

## पत्थरबाजी की घटना में वार्ड सदस्य सहित कुल 9 लोग हुए घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एकडारा गांव में गांव में होने वाले वार्षिक काली पूजा को लेकर तीन गांवों के लोगों के बीच हो रहे बैठक के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट, पत्थरबाजी हुई जिसमें एक वार्ड सदस्य सहित कुल 9 लोग घायल हो गया। पत्थरबाजी में एक पक्ष से घायल की पहचान शिव कुमार, पवन कुमार, मुन्ना कुमार, पंकज कुमार, गौतम कुमार, कालेश्वर मंडल तथा दूसरे पक्ष से घायल में राजकिशोर मंडल उसकी पत्नी जामुखरैया पंचायत के वार्ड संख्या 8 के वार्ड सदस्य अनिता देवी, ओमप्रकाश मंडल के रूप में हुई है। दोनो पक्षों से सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां सभी घायलों का इलाज किया गया। एक पक्ष से घायल गौतम कुमार ने बताया कि गांव में होने वाले काली पूजा को लेकर एकडारा, गोलकीआम और मोहलियातरी गांव के ग्रामीणों के बीच बैठक चल रहा था जिसमें काली पूजा मनाने की तिथि निर्धारित कि गई। जिसमें चंदा को लेकर भी चर्चा किया गया। लेकिन वार्ड सदस्य के पति का कहना था कि मै जो निर्णय करूंगा और मै राशि भी नही दूंगा जिसका विरोध करने पर वार्ड सदस्य के पति उसका बेटा सचिन कुमार, बड़ा भाई ओमप्रकाश मंडल सहित कुल दस लोग मारपीट करते हुई ईट पत्थर चलाने लगा। वही दूसरे पक्ष से घायल वार्ड सदस्य के पति ने बताया कि वे लोग काली पूजा को लेकर बैठक कर रहा था लेकिन वहां पर बजरंगबली का मुददा उठा लिया और कुछ लोग चंदा नही दिया जिसपर मैने चंदा नही देने का कारण पूछा तो विवाद हो गया। जिसके बाद गौतम ,अनिल, पवन हमलोगों के साथ मारपीट करने लगा और दो लाख रूपए की रंगदारी की मारपीट करने लगा। वार्ड सदस्य के पति ने आगे बताया कि वे लोग मेरे घर में घुसकर मेरी पत्नी के साथ छेड़खानी करते हुए पत्थरबाजी भी किया।

# नव निर्वाचित सांसद अरूण भारती का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणो ने गिद्धौर में किया भव्य स्वागत

## विधायिका श्रेयशी सिंह व भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते सांसद अरूण भारती व अन्य

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। जमुई लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद अरूण भारती का जीत के बाद पहली बार जमुई आने के दौरान गिद्धौर स्थित लाल कोठी आवास पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व:दिग्विजय सिंह के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका अशीर्वाद लिया।इस मौके पर जमुई विधायिका श्रेयशी सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह,लोजपा आर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रदीप सिंह,कोषाध्यक्ष शंभू कुमार केशरी,मंडल अध्यक्ष मिथलेश सिंह के नेतृत्व में नवनिर्वाचित सांसद अरूण भारती को बुके देकर भाजपा कार्यकताओं एवं गिद्धौर के ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजीव कुमार साव,शिवशंकर ताँती,सच्चिदानंद मिश्रा,चंदन केशरी,प्रभाकर कुमार,सोनू सिंह,रविशंकर पोद्धार,दिगम्बर झा,कृष्णानंद झा,पप्पू सिंह,मनोज रजक सहित दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दे उनका अभिवादन किया व राजनीतिक जीवन मे उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नवनिर्वाचित सांसद अरूण भारती ने मौके पर कहा कि जमूई लोकसभा क्षेत्र की जनता की मैं सहृदय आभारी रहूंगा उनके अपर सहयोग व समर्थन के लिए मैं उनका तहेदिल से साधुवाद करता हूं।

जमूई लोकसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े आम जनता के समस्याओं के निदान को लेकर क्षेत्र में विकास से जुड़े कसौटी पर खरा उतरने का मैं अपने राजनैतिक जीवनकाल में हर संभव प्रयास करता रहूंगा। वहीं मौके पर उन्होंने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से एनडीए सरकार के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश राज्य समाज हित में जनहित एवं लोकहित से जुड़े कार्यों को जन जन तक पहुंचने एवं उनके सरकार के योजनाओं से अवगत कराते हुए जमुई जिले के विकास में सरकार के साथ अपनी महती भूमिका निभाने की भी कार्यकर्ताओं से बात कही। इस मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# देवघर निवासी रवि हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता

- पांच अपराधी लूटी हुई कार के साथ गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई/गिद्धौर। बीते 31 मई को जमुई जिले के महादेव सिमरिया से देवघर के युवक रवि ठाकुर के गायब होने की सूचना जमुई पुलिस को मिली थी। मृतक युवक देवघर से मरीज को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाने जमुई आया था। मरीज को उनके घर छोड़ने के बाद से ही युवक गायब हो गया था। जिसके अगले दिन ही बांका जिले के हनुमान डैम जो की बेलहर थाना क्षेत्र में आता है वही से मृतक युवक का शव बरामद हुआ था। इस केस में जमुई पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल कर दिखाया है। सूत्रों ने बताया की जमुई पुलिस के अधिकारी लगातार इस केस से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहे थे। आज लगभग 17 दिनों बाद जमुई पुलिस ने इसका सफल उद्भेदन करते हुए लूटी हुई स्विफ्ट डिजायर कार सहित पांच अपराधियो को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। आपको बता दें ये सभी पांच अपराधी जमुई जिले के सुनील कुमार रविदास तारडीह,सचिन कुमार गोविंदपुर,पवन कुमार गोंविदपुर,भोला रविदास तारडीह,नीरज दास मोगलवा गांव निवासी है और इन सबकी गिरफ्तारी गिद्धौर थाना क्षेत्र रेलवे स्टेशन से की गई है।गिरफ्तार नामजद अभियुक्त के पास से 1 किलों 930 ग्राम गांजा,2 कमर से स्वचालित देसी पिस्टल एवं एक उजला रंग का स्विफ्ट डिजायर कार इफ06उए 0978 बरामद किया गया। हालांकि सूत्र ने बताया की हालिया जमुई में हुए लूटकांड में भी इनकी संलिप्तता पाई गई है। हालाकि इस लूट और हत्याकांड का केस बांका के बेलहर थाने में दर्ज है लेकिन इस केस का सफल उद्भेदन जमुई पुलिस ने किया है।गिरफ्तार नामजद अभियुक्त के खिलाफ आर्म एक्ट कांड संख्या 72/24 दर्ज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# उपासना एक्सप्रेस से जब्त हुआ शराब, केन बियर

जमुई [ झाझा ] रेलपुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अप में आने वाली गाड़ी संख्या 12327 अप उपासना एक्सप्रेस में छापेमारी अभियान चलाते हुए विदेशी शराब, केन बियर को जब्त किया है। जानकारी देते हुए रेलथानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर उक्त गाड़ी के खड़ी होने के बाद छापेमारी अभियान चलाया गया तो दूसरा साधारण बोगी में यात्री सीट के नीचे लावारिस स्थिति में एक प्लास्टि का झोला बरामद हुआ जिसको सर्च करने पर 29 बोतल अलग अलग ब्रांड का विदेशी शराब तथा 13 पीस केन बियर बरामद हुआ। रेलपुलिस ने बरामद सभी शराब और केन बियर की बोतल को जब्त करने के बाद रेलथाना में अज्ञात शराब तस्कर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## गांधी उत्तर-दक्षिण के

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी पारिवारिक संसदीय सीट रायबरेली से ही सांसद रहेंगे, लेकिन केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे। वायनाड से छोटी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा अपनी चुनावी सियासत की शुरूआत करेंगी। वैसे वह 2004 से कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करती रही हैं। वह पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव भी हैं, लेकिन 20 लंबे सालों के बाद अब उन्हें चुनाव लडे का मौका मिल रहा है, क्योंकि वायनाड की राजनीति को भी सुरक्षित रखना है। यदि प्रियंका उपचुनाव में जीत हासिल कर लेती हैं, तो वह पहला मौका होगा, जब गांधी परिवार के तीनों सदस्य सांसद होंगे। भाई-बहन लोकसभा सांसद हो सकते हैं, जबकि मां सोनिया गांधी राज्यसभा सदस्य हैं। यदि मेनका-वरुण गांधी को भी ह्यगांधी परिवारह्ल में गिना जाए, तो यह पहला मौका है कि मां-बेटा दोनों ही संसद में नहीं हैं। बहरहाल हम कांग्रेस के गांधी परिवार की बात कर रहे हैं। लंबे चिंतन और विमर्श के बाद राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोडे का फैसला किया है। वायनाड ने राहुल गांधी की राजनीति और सांसदी का अस्तित्व बचाए रखा था, क्योंकि 2019 में भाजपा की स्मृति ईरानी ने अमेठी सीट पर उन्हें पराजित कर दिया था। तब वह वायनाड से जीत कर संसद में पहुंचे थे। अब 2024 के चुनाव में भी वायनाड सीट पर उनका मुकाबला सीपीआई की वरिष्ठ नेता एनी राजा से था। केरल में वाममोर्चे की ही सत्ता है, लेकिन वायनाड में जातीय, मजहबी समीकरण ऐसे हैं और फिर मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन है, जिससे कांग्रेस उम्मीदवार की जीत लगभग तय हो जाती है। वायनाड से राहुल गांधी 3, 64, 422 वोट से विजयी हुए थे। केरल राज्य कांग्रेस के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि डेढ़ साल बाद वहां विधानसभा चुनाव हैं।

लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने एकतरफा जीत हासिल की है, लिहाजा कांग्रेस के भीतर विचार किया गया कि दक्षिण भारत को सहेज कर रखा जाए। चूंकि राहुल ने रायबरेली सीट भी 3, 90, 030 वोट से जीती है और उप्र में सपा के गठबंधन में कांग्रेस के 6 सांसद जीते हैं, बल्कि भाजपा को 33 सीट पर समेट दिया है। इस तरह भाजपा को 29 सीट का नुकसान हुआ है। कांग्रेस-सपा ने भाजपा को करारा राजनीतिक आघात दिया है। विधानसभा में कांग्रेस के मात्र 2 विधायक हैं, लिहाजा संसदीय चुनाव पार्टी के लिए वरदान माने जा रहे हैं। अब कांग्रेस 2027 में विधानसभा चुनाव के लिए भी सपा के साथ गठबंधन बरकरार रखना चाहती है। कांग्रेस की खोई जमीन हासिल कर पार्टी को पुनरोत्थान के रास्ते पर लाना चाहती है, लिहाजा तय किया गया है कि उत्तरी भारत में राहुल गांधी कांग्रेस का चेहरा होंगे। दक्षिण में प्रियंका की भूमिका कितनी कारगर और सार्थक रहती है, यह वायनाड उपचुनाव के जनादेश के बाद की राजनीति से ही तय होगा। वैसे दक्षिण भारत कांग्रेस और गांधी परिवार पर अतिरिक्त भरोसा करता रहा है। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस सरकारें हैं। इतिहास में जाएं, तो आपातकाल के बाद 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी हार गई थीं, तो उन्होंने कर्नाटक के चिकमंगलूर से उपचुनाव लड़ा और वह जीत कर लोकसभा पहुंची। 1980 के चुनाव में वह रायबरेली और आंध्रप्रदेश की मेडक दो सीटों पर चुनाव लड़ीं।

दोनों पर ही विजयी रहीं, लेकिन उन्होंने रायबरेली से इस्तीफा दे दिया और संसद में मेडक का प्रतिनिधित्व किया। तब इंदिरा गांधी एक बार फिर देश की प्रधानमंत्री चुनी गई थीं। सोनिया गांधी ने पहला चुनाव कर्नाटक की बेल्लारी सीट से लड़ा और जीता।

## जागो! डॉ मोहन प्यारे, जागो!!

राकेश अचल

मै अपने मध्यप्रदेश और अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से बहुत लगाव रखता हूँ। मेरा अपने सूबे और सूबे के मुख्यमंत्री से भगवान और भक्त का रिश्ता है। ये बात और है कि हमारा कभी सीधा साबका नहीं पड़ा। भक्तों को ये आजादी है ककी वो अपने भगवान से कुछ भी शिकायत कर सकता है। भक्त अपने भगवान से बेहद आत्मीय यानि तू-तड़ाक की भाषा भी बोले तो उसका बुरा नहीं माना जाता इसलिए मै हमेशा आपने भगवान को जगाता रहता हूँ ताकि वे सो न जाएँ। वे सोये तो समझिये की सूबे का बड़ा गर्क। वे भटके तो समझिये की सूबे में भाजपा का बड़ा गर्क।

हमारे सूबे के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पिछले तीन महीने से आम चुनाव में एक यादव नेता के रूप में अपनी पार्टी के लिए काम कर रहे थे। थक गए है। उन्हें उबासियाँ भी खूब आतीं है। चूंकि वे चुनाव में व्यस्त थे इसलिए सूबे की नौकरशाही अपने आप में मस्त हो गए। सचिवालय ठप्प हो गया। कमलनाथ के जमाने में सचिवालय की जो दुर्दशा थी, ठीक वैसा ही माहौल आजकल भोपाल में है। कोई किसी की सुनने वाला नही। कोई किसी को बूझने वाला नही। कभी-कभी लगता है कि मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव का राज नहीं बल्कि सचमुच का राम राज चल रहा है। अखबारों और गोदी मीडिया से पता चला है कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सूबे में कानून और व्यवस्था की दशा सुधारने के लिए भारतीय दंड संहिता के बजाय यूपी की तर्ज पर बुलडोजर संहिता का न सिर्फ इस्तेमाल करने की गलती कर रहे हैं बल्कि उसे प्रोत्साहित भी कर रहे है। ये कोशिश उनसे पहले के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी की थी, लेकिन वे समय रहते नींद से जाग गए थे, किन्तु दुर्भाग्य ये है कि हमारे मोहन प्यारे जागने के बजाय और ज्यादा तेजी से झपकियां ले रहे हैं। उनकी सरकार कानून और व्यवस्था सम्हालने के लिए पहले से मौजूद 1248 कानूनों का सहारा लेने का बजाय बुलडोजर का सहारा ले रही है। डॉ साहब भूल जाते है कि बुलडोजर कानून से भी ज्यादा जन्मांध होता है। बुलडोजर आरोपियों को नहीं बल्कि उन निर्दोष लोगों का भविष्य जमींदोज करता है जिनका अपराध से कोई लेना देना नहीं होता। मोहन प्यारे भूल जाते हैं कि देश का कोई कानून किसी भी आरोपी को अदालत से दोष सिद्ध होने तक बुलडोजर से नहीं रौंद सकता।

हमारे मुख्यमंत्री संयोग से पढ़े-लिखे है। उन्होंने पीएचडी की उपाधि हासिल कीहै लेकिन वे राज-काज चलाने में अनाड़ी साबित हो रहे है। वे भूल रहे हैं कि वे सूबे में जनमत के जिस खलिहान पर खड़े हैं उसकी फसल उन्होंने नहीं बल्कि उनके बड़े भाई शिवराज सिंह चौहान ने बोई और काटी थी। चौहान अब देश कि कृषि मंत्री हैं।

हमारे मोहन प्यारे ने छह महीने में क्या किया इसकी जानकारी सम्भवत :किसी को न होती जो उनकी सरकार की उपलब्धियों के बड़े-बड़े इश्तहार न छपते। इश्तहारों की बैशाखी से चलने वाली सरकारें ज्यादा लोकप्रिय नहीं होती। लोकप्रियता हासिल करने कि लिए जमीन पर काम करना पड़ता है। । हवाई यात्रा से हटकर रेल, बस के साथ ही पदयात्रा भी करना पड़ती है। अपने सूबे कि मतदाताओं से एक रिश्ता कायम करना पड़ता है। शिवराज ने इसी रिश्तेदारी की बिना पर प्रदेश में 18 साल से ज्यादा राज किया। पटखनी भी खाई, लेकिन फिर से उठ खड़े हुए। मोहन जी, चौहान साहब से कुछ सीख सकते है। अब सीखें या न सीखें ये उनकी मर्जी। डम्पर घोटाले से लेकर सैकड़ों घोटालों के बाद भी शिवराज सिंह सूबे में कैसे लोकप्रिय बने रहे ? इसके बारे में डॉ मोहन यादव को एक बार फिर पीएचडी करना चाहिए।

मै बात बुलडोजर संहिता की कर रहा था। मेरे ख्याल से ये संहिता न किसी संसद से पारित है और न किसी विधानसभा से। ये एक कुंठित और तालिबानी सोच की उपज है, ये अवाम को भयभीत करने का तरीका है। उत्तर प्रदेश में सुशासन कि लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर संहिता का जमकर इस्तेमाल किया और आज भी कर रहे हैं, लेकिन उन्हने क्या हासिल हुआ ? आम चुनाव में जनता ने भाजपा का सूपड़ा साफ कर दिया। जाहिर है कि जनता भारतीय दंड संहिता कि अनुसार तो चल सकती है किन्तु बुलडोजर संहिता को बर्दाश्त नहीं कर सकती। योगी आदित्यनाथ की बुलडोजर संहिता पूरी भाजपा पर ही नहीं खुद प्रधानमंत्री जी पर भी भारी पड़ी। वे खुद काशी से राम-राम जपकर चुनाव जीते। उत्तर प्रदेश में भाजपा की जो दुर्दशा हुई उसका एक ही सन्देश है कि- भाई बुलडोजर संहिता को त्याग दीजिये। बुलडोजर का निशाना संयोग से या इरादतन पेशेवर आरोपियों कि साथ वे समुदाय बनते दिखाई दे रहे हैं जो भाजपा को शुरू से फूटी आँख नहीं सुहाते। हमारे सूबे में तो अब अल्पसंख्यक ही नहीं बल्कि अंग्रेजों कि जमाने में आपराधिक जातियों की फेहरिस्त में शुमार किये गए कंजर भी आ गए हैं। मध्यप्रदेश को जलसंकट से उबारने, बेरोजगारी से मुक्त करने और विकास कि रास्ते पर तीव्र गति से दौड़ने के लिए जिस सम्यक दृष्टि की जरूरत है वो अभी डॉ मोहन यादव की सरकार में नजर नहीं आ रही। वे प्रधानमंत्री श्री वायुसेवाओं का उद्घाटन करते फिर रहे हैं लेकिन उन्हने नहीं मालूम कि आज भी प्रदेश के ग्वालियर जैसे बड़े शहर में नगर बस सेवा नहीं है। अभी तक ग्वालियर दुर्ग पर पहुँचने के लिए रूप-वे नहीं ह। अभी तक सूबे की सरकार की कोई छाप जनमानस पर पड़ी नहीं है। डॉ यादव यदि अकड़कर चलेंगे तो शायद बात नहीं बनेगी। उनका जन-प्रतिनिधियों और मीडिया से जब तक सीधा, सहज, सरल संवाद कायम नहीं होता तब तक न वे डॉ मोहन यादव ही बन पाएंगे और न ही शिवराज सिंह चौहान।

## बुलेट ट्रेन-वंदे भारत नहीं ट्रेन्स का सुरक्षित संचालन जरूरी

रेल मंत्री ने यह भी बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए छह हजार किलोमीटर के मार्ग पर कवच लगाने का काम तेज गति से चल रहा है और अब दस हजार किलोमीटर मार्ग को कवच से लैस करने के लिए निविदा लाने की तैयारी की जा रही है। रेल मंत्री ने बताया कि नेटवक की क्षमता का विस्तार होने के बाद नयी गाड़ियों को तेज गति से चलाना संभव होगा। जिस दिन रेल मंत्री अपने मंत्रालय की उपरोक्त अनेक उपलब्धियां गिना रहे थे उसके ठीक दो दिन बाद यानी 17 जून ( सोमवार ) को प्रात :काल जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन में पीछे से आ रही एक मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। रंगापानी और निजबाड़ी के निकट हुई इस दुर्घटना में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों के मरने व 60 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। इस घटना को लेकर रेलवे की ओर से अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयान सुनने को मिले। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा के अनुसार उक्त ट्रेन्स में टक्कर संभवत : इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। जबकि लोको पायलट संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा कि रेलवे बोर्ड का यह कहना गलत है कि चालक को लाल सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन रोकनी चाहिए और टीए 912 मिलने के बाद सीमित गति से आगे बढ़ना चाहिए।





निर्मल रानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

गत 15 जून को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली में पत्रकारों से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान रेल मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाते हुये कह रहे थे कि भारतीय रेल आगामी 5 वर्षों में 250 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस और 300 से अधिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स चलाने की योजना पर कार्यरत है। इसी वार्ता के दौरान उन्होंने नई रेल पटरियां बिछाने, गाड़ियों को तीव्र गति देने जैसे कई विषयों पर रौशनी डाली। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए छह हजार किलोमीटर के मार्ग पर कवच लगाने का काम तेज गति से चल रहा है और अब दस हजार किलोमीटर मार्ग को कवच से लैस करने के लिए निविदा लाने की तैयारी की जा रही है। रेल मंत्री ने बताया कि नेटवक की क्षमता का विस्तार होने के बाद नयी गाड़ियों को तेज गति से चलाना संभव होगा। जिस दिन रेल मंत्री अपने मंत्रालय की उपरोक्त अनेक उपलब्धियां गिना रहे थे उसके ठीक दो दिन बाद यानी 17 जून (सोमवार) को प्रातःकाल जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन में पीछे से आ रही एक मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। रंगापानी और निजबाड़ी के निकट हुई इस दुर्घटना में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों के मरने व 60 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। इस घटना को लेकर रेलवे की ओर से अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयान सुनने को मिले। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा के अनुसार उक्त ट्रेन्स में टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। जबकि लोको पायलट संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा कि रेलवे बोर्ड का यह कहना गलत है कि चालक को लाल सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन रोकनी चाहिए और टीए 912 मिलने के बाद सीमित गति से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, लोको पायलट की मौत हो जाने और सीआरएस जांच लंबित होने के बावजूद लोको पायलट को ही जिम्मेदार घोषित करना अत्यंत आपत्तिजनक है। प्रायः रेल दुर्घटना बाद इस तरह के अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयानआना भी एक सामान्य बात है। क्योंकि प्रत्येक अधिकारी यही चाहता है कि वह स्वयं को सुरक्षित रखते हुये दुर्घटना का जिम्मेदार किसी और कर्मचारी या अधिकारी को ठहरा दे। जाहिर है यह नैतिकता का वह दौर तो है नहीं जबकि नवंबर 1956 में तमिलनाडु में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना के बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक आधार पर रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

बहरहाल रेल विभाग के विकास व आधुनिकीकरण के तमाम दावों के बावजूद किसी न किसी कारण रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। दो जून 2023 को ओडिशा में बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी से जुड़ी भयानक ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना जिस में कम से कम 50 लोग मारे गए थे और 350 से अधिक घायल हो गए थे वह तो सबसे अधिक चर्चा का केंद्र बनी थी। गत दस वर्षों में हुई प्रमुख रेल दुर्घटनाओं में 26 मई 2014 को उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर में गोरखपुर की ओर जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस दुर्घटना हुई जो खलीलाबाद स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। फिर 20 नवंबर 2 016 को कानपुर में पुखरायां के निकट इंदौर-पटना एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी जिसमें कम से कम 150 यात्रियों की मौत हो गई थी और 150 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। इसी तरह 18 अगस्त 2017 को पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस मुजफ़्फ़र नगर में पटरी से उतर गई थी जिसमें 23 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 60 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद 13 जनवरी 2022 को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार क्षेत्र में पटरी से उतर गए, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। यह घटनायें उल्लेखनीय हैं। प्रत्येक दुर्घटना के बाद रेल विभाग द्वारा अपनी आत्मरक्षा में तथा रेल यात्रियों को संतुष्ट करने की गरज से रेल सुरक्षा कवच से सम्बंधित कोई न कोई बयान भी दिया जाता है। परन्तु वास्तव में सुरक्षा सुनिश्चित हो नहीं पाती और बदनसीब रेल यात्री अपनी मंजिल पर पहुँचने के बजाये ऐसी दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप अपनी जानें गँवा बैठते हैं और रेल विभाग को करोड़ों का नुक़्सान भी उठाना पड़ता है।

उधर रेल विभाग का फोकस बुलेट ट्रेन, वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स तथा रेल स्टेशंस की चमक दमक पर अधिक रहता है। जगह जगह स्टेशन के बाहर 100 फुट के पोल पर तिरंगा फहराकर लोगों में राष्ट्रवाद जगाया जा रहा है। रेल इंजन्स पर तिरंगा चिपकाना ठीक है परन्तु रेल यात्री की यात्रा सुरक्षित है, इस बात की कोई गारंटी नहीं। ऐसी भीषण गर्मी में तमाम स्टेशन पर शीतल जल तो छोड़िये पीने का सादा पानी तक उपलब्ध नहीं है। बुजुर्गों को रेल यात्रा में दी जाने वाली छूट समाप्त कर दी गयी है। तमाम इंटरसिटी ट्रेन की सामान्य बोगी की जगह स्लीपर क्लास कर न केवल यात्रियों को बल्कि टिकट निरीक्षकों को भी परेशानी में डाल दिया गया है। ऐसे में देश के अभिजात वर्ग के लोगों के लिये चलाई जाने वाली बुलेट ट्रेन, वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स आदि से सामान्य रुट पर सामान्य रेल गाड़ियों से यात्रा करने वाले आम रेल यात्रियों को क्या हासिल ? हम जैसे करोड़ों लोगों ने तो इत्तेफाक से आजतक शताब्दी जैसी ट्रेन्स पर भी सफर इसलिए नहीं किया क्योंकि इसका किराया अन्य ट्रेन से अधिक है। ऐसे में रेल विभाग की प्राथमिकता क्या होनी चाहिये ? सामान्य ट्रेन्स को सामान्य नागरिकों की रेल यात्रा के मद्देनजर सुगम, सुरक्षित, आरामदेह बनाना तथा प्रत्येक यात्री को बैठने की सीट मुहैय्या कराना या कि बुलेट ट्रेन, वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स की उपलब्धियों का बखान करना। आम यात्रियों को इन रेलगाड़ियों की श्रृंखला से कोई वास्ता नहीं। रेल स्टेशन भी साफ सुथरे होने जरूरी हैं परन्तु विश्वस्तरीय स्टेशन निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार का बड़ा खेल खेलना मुनासिब नहीं। देश में जब जब रेल दुर्घटनायें होती रहेंगी तब तब यह सवाल उठता ही रहेगा कि देश में बुलेट ट्रेन- वंदे भारत जरूरी है या वर्तमान सामान्य ट्रेन्स का सुरक्षित संचालन?

## प्रियंका का पहला चुनाव ही दक्षिण से

अपने अंदर बड़प्पन और भारीपन लाते तो नेहरू को छोटा करने की जरूरत नहीं पड़ती। दस साल सीखने और काम करने के लिए बहुत होते हैं। मगर उसकाउपयोग क्या किया? नेहरू और कांग्रेस के खिलाफ बोलने एवं देश में नफरत काजहर बोने के अलावा ?दक्षिण भारत से अभी तक गांधी नेहरू परिवार का इतिहास रहा है जीतने का। मगर यहभी सच है कि वहां से पहला चुनाव किसी ने नहीं लड़ा। प्रियंका गांधी को अपना पहला चुनाव ही दक्षिण से लड़ने को मिला है। यह उनकी च्वाइस नहीं थी। राहुल गांधी को फैसला करना था कि वे कौन सी सीट छोड़ रहेहैं। राहुल ने वायनाड छोड़ी तब प्रियंका का नाम वहां से आया। राजनीति में सफलता महत्व रखती है। कौन कहां से लड़ा किसी को याद नहींरहता। अटल बिहारी वाजपेयी अपना पहला ही चुनाव हार गए थे। 1952 में लखनऊसे। फिर 1957 में वे तीन स्थानों से चुनाव लड़े। लखनऊ, मथुरा औरबलरामपुर। इनमें से दो जगह हारे। लखनऊ और मथुरा। मथुरा में वे राजामहेन्द्र प्रताप सिंह जो आजादी के आंदोलन के बहुत बड़े नेता थे से बुरीतरह हारे। चौथे स्थान पर रहे। राजा महेन्द्र प्रताप सिंह ने अंग्रेजों केशासनकाल में अफगानिस्तान जाकर पहली निर्वासित सरकार बनाई थी। यही काम बादमें सुभाषचंद्र बोस ने किया था। अटलबिहारी वाजपेयी बलारामपुर जीते थे। मगर 1962 में बलारामपुर से भी हार गए। लेकिनवह चुनाव वाजपेयी की हार के लिए नहीं इसलिए याद किया जाता है कि नेहरू नेउस चुनाव में वाजपेयी के खिलाफ प्रचार करने से जाने से इनकार कर दिया था। इसलिए नरेंद्र मोदी को कुछ और गालियां जवाहर लाल नेहरू को देना चाहिए। बाकी भाजपा वालों को और मीडिया को भी।





शकील अख़्तर
सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक

मोदीजी को यह बात कौन समझाएगा कि देश में कभी राजनीति इस उच्च स्तर कीरही है। तभी विदेशों में देश का सम्मान था। अब खुद अपने आप को विश्व गुरुकहने से सम्मान नहीं मिलता बल्कि लोग हंसते हैं। नेहरू की लकीर कितनी घिस रहेहैं। अपने अंदर बड़प्पन और भारीपन लाते तो नेहरू को छोटा करने की जरूरत नहीं पड़ती। दस साल सीखने और काम करने के लिए बहुत होते हैं। मगर उसकाउपयोग क्या किया? नेहरू और कांग्रेस के खिलाफ बोलने एवं देश में नफरत काजहर बोने के अलावा?

दक्षिण भारत से अभी तक गांधी नेहरू परिवार का इतिहास रहा है जीतने का। मगर यहभी सच है कि वहां से पहला चुनाव किसी ने नहीं लड़ा। प्रियंका गांधी को अपना पहला चुनाव ही दक्षिण से लड़ने को मिला है। यह उनकी च्वाइस नहीं थी। राहुल गांधी को फैसला करना था कि वे कौन सी सीट छोड़ रहेहैं। राहुल ने वायनाड छोड़ी तब प्रियंका का नाम वहां से आया। राजनीति में सफलता महत्व रखती है। कौन कहां से लड़ा किसी को याद नहींरहता। अटल बिहारी वाजपेयी अपना पहला ही चुनाव हार गए थे। 1952 में लखनऊसे। फिर 1957 में वे तीन स्थानों से चुनाव लड़े। लखनऊ, मथुरा औरबलरामपुर। इनमें से दो जगह हारे। लखनऊ और मथुरा। मथुरा में वे राजामहेन्द्र प्रताप सिंह जो आजादी के आंदोलन के बहुत बड़े नेता थे से बुरीतरह हारे। चौथे स्थान पर रहे। राजा महेन्द्र प्रताप सिंह ने अंग्रेजों केशासनकाल में अफगानिस्तान जाकर पहली निर्वासित सरकार बनाई थी। यही काम बादमें सुभाषचंद्र बोस ने किया था। अटलबिहारी वाजपेयी बलारामपुर जीते थे। मगर 1962 में बलारामपुर से भी हार गए। लेकिनवह चुनाव वाजपेयी की हार के लिए नहीं इसलिए याद किया जाता है कि नेहरू नेउस चुनाव में वाजपेयी के खिलाफ प्रचार करने से जाने से इनकार कर दिया था। इसलिए नरेंद्र मोदी को कुछ और गालियां जवाहर लाल नेहरू को देना चाहिए। बाकी भाजपा वालों को और मीडिया को भी। अभी मीडिया से कहा गया था कि मोदी की बराबरी नेहरू से करदो। सारा गोदी मीडिया ढोल पीटने लगा कि तीसरी बार शपथ लेते ही मोदी नेहरूके बराबर हो गए।

नेहरू के बराबर होना क्या इतना आसान है? हाल में मोदी जी पूरे चुनाव में यह हल्ला करते हुए घूमते रहे कि कांग्रेस अगर आ गई तो यह ले लेगी वह ले लेगी। उन्हें कोई बताए कि कांग्रेस जब थी तो वह लेती नहीं थी। देती थी। भाजपाको। उस समय जनसंघ नाम था उसका। और कांग्रेस के नेता थे पंडित जवाहरलालनेहरू। वही नेहरू जिसके बारे में ये कहते हैं कि उन्होंने यह नहीं कियावह नहीं किया। उन्हीं नेहरू ने 1962 में वाजपेयी के खिलाफ चुनाव प्रचारकरने से इनकार कर दिया था। बलरामपुर में सुभद्रा जोशी कांग्रेस की तरफ सेलड़ रही थीं। नेहरू की पसंद की उम्मीदवार थीं। आजादी के आंदोलन की नेता। मगर नेहरू ने कहा कि मुझ पर वहां जाने के लिए और प्रचार करने के लिए दबावमत डालिए। अटल अंतरराष्ट्रीय मामलों में लोकसभा में अच्छा बोलते हैं।

मोदी जी को यह बात कौन समझाएगा कि देश में कभी राजनीति इस उच्च स्तर कीरही है। तभी विदेशों में देश का सम्मान था। अब खुद अपने आप को विश्व गुरुकहने से सम्मान नहीं मिलता बल्कि लोग हंसते हैं। नेहरू की लकीर कितनी घिस रहेहैं। अपने अंदर बड़प्पन और भारीपन लाते तो नेहरू को छोटा करने की जरूरत नहीं पड़ती। दस साल सीखने और काम करने के लिए बहुत होते हैं। मगर उसकाउपयोग क्या किया? नेहरू और कांग्रेस के खिलाफ बोलने एवं देश में नफरत काजहर बोने के अलावा?

वाजपेयी भी संघी थे। पूरे संघी। किसी से कम नहीं। खुद कहा भी कि मैं पहलेस्वयंसेवक हूं। मगर इंसान भी पूरे थे। मानवीय मूल्यों को समझते थे।

खैर वह बात निकली थी सीट छोड़ने से। और पहुंच गई दो और तीन सीटों सेलड़ने के बड़े नेताओं के इतिहास तक। तो सबसे ज्यादा दो और एक बार तीनसीटों पर चुनाव लड़ने का रिकार्ड वाजपेयी के नाम पर ही है। दो स्थानों परचुनाव 1991 और 1996 में वाजपेयी ने बाद में भी लड़ा। लखनऊ विदिशा और लखनऊगांधीनगर। दोनों बार दोनों जगह जीते और लखनऊ रखा। लालकृष्ण आडवानी भी दो स्थानों से लड़े। 1991 में नई दिल्ली और गांधी नगर। दोनोंजगह जीते थे। गांधी नगर सीट रखी थी।

लेकिन बीजेपी के इन नेताओं के दो-दो तीन तीन जगह से चुनाव लड़ने पर कभीसवाल नहीं उठे। मगर राहुल कुछ करें और सवाल नहीं उठें तो यह मीडिया किसलिए है? राहुल के वायनाड और रायबरेली लड़ने से और दोनों जगह भारी मतों सेजीतने से मीडिया को भारी सदमा लग गया। उसका एक कारण और था कि जिन मोदी जी के लिए वह इतना बैंड बाजा बजाता है वे राहुल को मुकाबले बहुत कम मतों सेजीते। और उस पर राहुल ने यह कहकर और आग लगा दी कि अगर बहन वाराणसी से लड़जाती तो मोदी जी दो तीन लाख वोटों से हार जाते। राहुल की इतनी बड़ी बात का जवाब मोदी जी और मीडिया किसी ने नहीं दिया। शायद इस संभावना से ही डर गए। मगर राहुल को और प्रियंका को इस बात काजवाब देना चाहिए कि अगर कोई ऐसी बात थी तो प्रियंका लड़ीं क्यों नहीं ?राहुल के कहने से ऐसा लगता है कि प्रियंका को आफर था। मगर वे नहीं लड़ीं। अगर ऐसा है तो यह बात प्रियंका के फेवर में नहीं जाती। प्रियंका की छविएक तेज तर्रार नेता की किसी से नहीं डरने वाली है। फिर वाराणसी से क्योंनहीं लड़ीं?

या कांग्रेस में कोई प्राब्लम है कि प्रियंका को सही मौका नहीं मिल रहा। अभी तक वे चुनावी राजनीति में नहीं थीं तो यह सारे सवाल दबे हुए थे। मगरअब वायनाड से लड़ने पर सब सवाल होंगे। उनका राजनीति में लेट आना। आने केबाद सबसे टफ राज्य उत्तर प्रदेश देना। और अभी जब चुनावी राजनीति में आनाथा तो अमेठी रायबरेली के बदले छोड़ी हुई सीट पर दक्षिण जाना। वह कहा है ना उपर लिखा है कि राजनीति में सिर्फ सफलता याद की जाती है। कौन कब लड़ा। कहां से लड़ा हारा जीता यह सब खत्म हो जाता है अगर आपकोकामयाबी मिलती है। प्रियंका के लिए भी यही सच है। अभी तक की स्थिति में वायनाड उनके लिएज्यादा मुश्किल नहीं होना चाहिए। कांग्रेस और उसका गठबंधन यूडीएफ वहां 20में 18 सीटें जीता है। लेफ्ट जो वहां कांग्रेस का प्रमुख प्रतिद्वंद्वी है केवल एक सीट पर सिमट कर रह गया है। एक बीजेपी को मिली है। मगर वहबीजेपी से ज्यादा खुद उम्मीदवार सुरेश गोपी की मलयाली फिल्मों कीलोकप्रियता की वजह से है।

## सत्ता प्रमुख में अहंकार का प्रवेश ठीक नहीं....!

ओमप्रकाश मेहता

क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और उससे जुड़े हिन्दू संगठन खुश नही है? संघ प्रमुख द्वारा हाल ही में प्रधानमंत्री को दी गई सीख से तो यही स्पष्ट नजर आता है। क्या संघ तथा भाजपा से जुड़े इन हिन्दूवादी संगठनों की नजर में ह्यसत्ता के मदह्ल में अब अहंकारी हो गए है? और वे अपने आपको इन सबसे ऊपर मानने लगे है? जो भी हो संघ प्रमुख के हालिया बयान से तो यही स्पष्ट होता है?

भारत में पहली बार तो भाजपा सत्ता में आई नही है, सदी के प्रारंभ में भाजपा के ही शीर्ष नेता अटल जी व आडवानी जी भी सत्ता के शीर्ष पदों पर रहे है, फिर उस वक्त ऐसी स्थिति पैदा क्यों नही हुई? इसका सही व स्पष्ट जवाब यह है कि अटल जी व आडवानी जी ने सत्ता के शीर्ष पदों पर रहते हुए भी संघ का उतना ही सम्मान किया, जितना वे हमेशा से करते आ रहे थे, किंतु मौजूदा स्थिति में संघ की सोच यह हो गई है कि उसकी सत्ता द्वारा कोई पूछ-परख नही हो रही है और देश में मोदी जी का एकाकी राज चल रहा है, वे न किसी से किसी बात पर सलाह मशवरा करते है और न ही किसी व्यक्ति विशेष को महत्व देते है। वे सत्ता सम्बंधी सभी निर्णय अपने मुख्य सहयोगी अमित शाह की सलाह पर लेते है और इस कारण से संघ ही नही भाजपा व अन्य हिन्दू संगठनों की भी साख प्रभावित हुई है और इनसे जुड़ा हर कार्यकर्ता निराश है, इनकी यह भी सोच है कि हाल के लोकसभा चुनावों के परिणाम भी मोदी की अहंकारी भावना के दर्पण है, यदि आगे भी यही चलता रहा तो आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की क्या स्थिति होगी? संघ प्रमुख को यही चिंता दिन-रात सता रही है, वे न तो अपनी यह पीड़ा किसी को बताना चाह रहे है और जिसे बताना चाह रहे है, वह पीड़ा सुनने को ही तैयार नही है, अब ऐसी स्थिति में संघ प्रमुख आखिर करें तो क्या? इसीलिए उन्होंने इसी माह होने वाली समन्वय बैठक में अपनी पीड़ा को रखने का निश्चय किया है।

संघ प्रमुख तो फिर भी अपनी इस पीड़ा को अपने स्तर पर संभाले हुए है किंतु संघ के ही दूसरे नेता इन्द्रेश कुमार ने तो वर्तमान स्थिति को लेकर स्पष्ट शब्दों में नसीहत दे ही डाली और स्पष्ट कह दिया कि- मोदी जी के अहंकार ने ही भाजपा को 214 पर रोक दिया, भगवान राम ने पार्टी के घमंड को पूरी ताकत नही दी।

संघ तथा उससे जुड़े हिन्दू संगठनों को इस मुख्य शिकायत के साथ यह मुख्य चिंता भी है कि यही सब इसी तरह आगे भी चलता रहा तो भाजपा, संघ तथा इनसे जुड़े अन्य संगठनों का राजनीतिक भविष्य क्या होगा? अब देश में कोई ऐसा शख्स भी नही है, जो मोदी जी से इस बारे में खुलकर बात कर सके और उन्हें पार्टी व संगठनों की पीड़ा से अवगत करा सके क्योंकि मोदी जी अपने आपको सत्ता व संगठन दोनों से ही ऊपर मानते है।

संघ प्रमुख की एक मुख्य शिकायत यह भी है कि अगले वर्ष संघ के एक सौ साल पूरे हो रहे है, इसने आजादी के पूर्व से देश को हर स्थिति में देखा है और अनेक यातनाऐं भी सही है, खैर, वह तो कांग्रेसी शासनकाल था, किंतु अब तो पूरे देश में मौजूदा सरकार को भाजपा और संघ की सरकार मानता है, फिर संघ को आज भी ये दुर्दिन क्यों देखने पड़ रहे है, इसका एकमात्र कारण ह्यसत्ता का अहंकारह्ल है, जिसका जिक्र संघ प्रमुख ने अपने विवादित बयान में किया है। इस प्रकार कुल मिलाकर आज देश में भाजपा और संघ के साथ अन्य हिन्दू संगठनों की भी वही स्थिति है, जो प्रमुख प्रतिपक्षी दल कांग्रेस की है, क्योंकि मौजूदा सत्ता अपने से जुड़े इन संगठनों को भी प्रतिपक्षी ही मानने लगी है, यही पीड़ा वास्तव में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने स्पष्ट की है, अब इस पीड़ा का इलाज जिस ह्यडॉक्टर को खोजना है, वह तो उदासीन है, अब इस पीड़ा से पीड़ितों का हश्र क्या होगा? यह भगवान की ही परिसीमा में है।



# प्रियंका चोपड़ा ने लिखा एंजेलिना जोली को बधाई देते हुए स्पेशल नोट

मशहूर एक्ट्रेस एंजेलिना जोली ने 77वें टोनी अवॉर्ड में अपने प्रोडक्शन द आउटसाइडर्स के लिए पहली बार यह पुरस्कार जीता। उनकी इस खास उपलब्धि पर हर कोई सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दे रहा है। प्रियंका चोपड़ा ने भी एंजेलिना जोली को बधाई देते हुए एक स्पेशल नोट लिखा। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जोली और उनकी बेटी विवियन की एक कैंडिड तस्वीर शेयर की और लिखा, इस एंजेल को बहुत-बहुत बधाई.. आप जीवन में हर चीज और उससे भी ज्यादा की हकदार हैं! द आउटसाइडर्स के लिए बेस्ट म्यूजिकल टोनी अवॉर्ड जीतने, कई अवॉर्ड्स और 12 नॉमिनेशन के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई! एक्ट्रेस ने आगे लिखा, आप शक्ति हैं, और मैं हर दिन आपसे बहुत प्रेरित होती हूं, एंजेलिना जोली... बधाई हो, विवियन। बता दें कि द आउटसाइडर्स 2023 का एक म्यूजिकल है। इसे 14 साल के पोनीबॉय कर्टिस के नजरिए से बनाया गया है। विवियन जोली और उनके पूर्व पति ब्रैड पिट के छह बच्चों में से एक हैं। एक्ट्रेस ने 2016 में पिट से तलाक के लिए अर्जी दी थी, जिसमें उन्होंने आपसी मतभेदों का हवाला दिया था। दोनों साल 2005 से साथ थे और नौ साल बाद यानी 2014 में शादी के बंधन में बंधे थे। लेकिन यह शादी लंबे समय तक चल न सकी।



# उन फिल्मों का हिस्सा बनने की कोशिश करती हूं जो लोगों को प्रेरित करे

**फिल्म दंगल की बबीता कुमारी हो या जवान की डॉक्टर इरम, पगलैट की संध्या हो या आने वाली फिल्म मिसेज की रिचा, सान्या मल्होत्रा ने हमेशा पर्दे पर एक सशक्त महिला का प्रतिनिधित्व किया है। हाल ही में न्यू यॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मिसेज के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतने वाली सान्या का कहना है कि वह उन फिल्मों का हिस्सा बनने की कोशिश करती हैं, जो लोगों को प्रेरित करें।**

**न्यू यॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आपको फिल्म मिसेज के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिलना पूरे देश के लिए गर्व की बात है। आपके लिए ये अवॉर्ड क्या मायने रखता है?**

अवॉर्ड मिलने पर अच्छा ही लगता है। यह एक तरीके से वैलिडेशन होता है कि आपने अच्छा काम किया है लेकिन मुझे तब और भी अच्छा लगता है जब ऑडियंस को फिल्म पसंद आती है और वहां फेस्टिवल में लोगों की प्रतिक्रिया बहुत ही अच्छी रही। जिन्होंने भी फिल्म देखी, सबको अच्छी लगी तो उम्मीद है कि जब इंडिया में फिल्म रिलीज होगी तो भी लोगों को पसंद आएगी।

**मिसेज चर्चित मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन का रीमेक है, जो एक आम हाउसवाइफ की नीरस दिनचर्या को बहुत प्रभावी ढंग से दिखाती है। इसे करते हुए आप पर क्या प्रभाव पड़ा?**

मुझमें ऐसी औरतों के लिए एक सहानुभूति का अहसास था। हम अक्सर अपने आसपास ऐसी औरतें देखते हैं जो दिन भर घर के काम में जूझती रहती हैं पर उन्हें कोई तारीफ नहीं मिलती। उनके काम को काम ही नहीं माना जाता। यह इतना थैंकलेस जॉब है कि एक समय के बाद यह रोल करते हुए मुझे घुटन महसूस होती थी लेकिन मैं अपने हर किरदार से कुछ न कुछ सीखती हूं। इससे भी मैंने ये सीखा कि इन औरतों से ज्यादा मजबूत कोई नहीं है। हम कहते हैं ना कि हाउसवाइफ का काम सबसे मुश्किल काम है और मुश्किल काम सिर्फ स्ट्रॉन्ग लोग ही कर सकते हैं।

**आप जिस तरह के सशक्त रोल करती हैं, सैम बहादुर में आपका किरदार इतना मजबूत नहीं लगा। उसे करने की क्या वजह रही?**


मैं ये तो नहीं बोलूंगी की किरदार स्ट्रांग नहीं था। वह एक असल किरदार था, काल्पनिक नहीं था। सिल्लू मानेकशॉ फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ जी की वाइफ हैं तो उनको ये बोलना कि वो स्ट्रांग नहीं है, बहुत गलत चीज होगी। वो बहुत ही प्रभावशाली शख्स रह चुकी हैं। उनका रोल करना मेरे लिए बहुत बड़ा मौका था। मुझे नहीं लगता है कि किसी को एक्टर को वो रोल मिलता तो वो मना करती।

**अपनी अपकमिंग फिल्मों सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और अनुराग कश्यप निर्देशित अनाम फिल्म के बारे में कुछ बताइए?**

मैं अभी इतना बता सकती हूं कि ये दोनों ही बहुत अलग तरह की फिल्में हैं। दोनों में मेरा किरदार ऐसा है, जो मैंने अब तक नहीं किया। मैं हमेशा अलग-अलग तरह के रोल ही करती हूं, चाहे जवान हो, कटहल हो या सैम बहादुर। अब तक कोई मुझे किसी बॉक्स में डाल नहीं पाया है और मेरी यही कोशिश है कि मुझे कोई बॉक्स में ना डाल पाए। ये फिल्में भी ऐसी हैं, जो मैंने अपनी फिल्मोग्राफी में अभी तक की नहीं है। इसलिए, इन्हें लेकर मैं बहुत एक्साइटेड हूं।

**आपने अपनी फिल्म से न्यू यॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में सराहना पाई। इस बार अर्से बाद कान्स में भी भारतीय फिल्मों का जलवा दिखा, वरना वहां सिर्फ फैशन और कपड़ों की ही बात होती रहती है। इस पर आपका क्या नजरिया है?**

मुझे लगता है कि फैशन और ग्लैमर दोनों इंडस्ट्रीज साथ-साथ चलती आई हैं। ये दोनों अलग दुनिया नहीं हैं। वो चाहे रैंप वॉक हो या डिजाइनर कपड़ों में रेड कार्पेट पर चलना, बॉलिवुड से फैशन जुड़ा हुआ है। लेकिन मैं अपनी बात करूं तो जब मैं कान्स जाऊंगी तो वह निश्चित तौर पर एक फिल्म के लिए होगा।



# शैतान के बाद एक बार फिर साथ में नजर आएंगे अजय और आर.माधवन

अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल बन रहा है। दर्शकों में इस कॉमेडी फिल्म के लिए अलग लेवल पर उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले खबर आ रही थी कि फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के अलावा अनिल कपूर अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं ताजा मिली जानकारी के मुताबिक इस फिल्म आर माधवन की एंट्री हो गई है। अजय देवगन, आर माधवन और रकुल प्रीत सिंह की कॉमेडी फिल्म दे दे प्यार दे 2 फ्लोर पर है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली जाएगी। पिछले दिनों फिल्म के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट साझा करते हुए फैंस को बताया था कि दे दे प्यार दे 2 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। दे दे प्यार दे 2 को लेकर अजय देवगन काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शैतान के बाद एक बार अजय देवगन और आर माधवन दे दे प्यार दे 2 में एक साथ काम करते दिखाई देंगे। बॉक्स ऑफिस पर दोनों की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। सूत्रों की मानें तो फिल्म में आर माधवन रकुल के पिता की भूमिका में नजर आएंगे। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी को फिल्म दे दे प्यार दे में काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म में तब्बू भी एक शानदार रोल में नजर आई थीं। दर्शकों ने इस कॉमेडी फिल्म को बहुत सराहा था। रिपोर्ट्स की मानें तो दे दे प्यार दे ने बॉक्स ऑफिस 103.64 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं फिल्म के मेकर्स दे दे प्यार दे 2 से भी काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं।



# सूर्या 44 के लिए पूजा हेगड़े ने ली चार करोड़ रुपये फीस

आप सूर्या 44 बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह अभिनेता सूर्या और निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में पूजा हेगड़े, सूर्या के अपोजिट मुख्य महिला के रूप में नजर आएंगी। तमिल सिनेमा में वापसी कर रहीं पूजा ने इस फिल्म के लिए अपनी फीस बढ़ा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, पूजा हेगड़े पहले एक फिल्म के लिए तीन से साढ़े तीन करोड़ रुपये फीस चार्ज करती थीं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेत्री ने सूर्या 44 के लिए चार करोड़ रुपये फीस ली है।

# हर स्टोरी की फ्रांस में शूटिंग कर रहीं कल्कि कोचलिन

कल्कि कोचलिन हाल ही में स्ट्रीमिंग फिल्म खो गए हम कहां में नजर आईं। इसमें उनके काम को काफी सराहा गया। वह अब अपनी अगली फिल्म हर स्टोरी की तैयारियों में जुट गई हैं। उन्होंने फ्रांस में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में कल्कि ने अमेरिकी लेखिका ओलिविया का किरदार निभाया है। इसकी शूटिंग वर्तमान में पाइरेनीस के एंटिचन-डेस-फ्रोटिग्नेस में चल रही है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कल्कि ने आईएएनएस से कहा, ओलिविया न्यूयॉर्क में रहती हैं और तेज दिमाग की हैं। वह मूल रूप से फ्रांस की हैं, जहां वह अपनी दादी की कहानी लिखने के लिए वापस लौटती हैं। कोविड-19 महामारी के दुनिया भर में फैलने के बीच वह खुद को आधा अतीत में और आधा भविष्य में पाती हैं। उन्होंने कहा, अमेरिकी लेखिका की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण है, जिसे ऐसा लगने लगता है कि वह अपने हर शब्द से अपने आस-पास की दुनिया को प्रभावित कर रही है, यह मजेदार और चुनौतीपूर्ण दोनों है। कल्कि ने कहा, मैं नौवेल्ले वेग से लेकर फ्रेंच सिनेमा देखते हुए और एडिथ पियाफ जैसे क्लासिक सिंगर्स को सुनते हुए बड़ी हुई हूं। बता दें कि कल्की ने साल 2009 में देव डी से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्होंने मार्गरिटा विद अ स्ट्रॉ के लिए नेशनल अवॉर्ड भी अपने नाम किया। उन्हें जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, ये जवानी है दीवानी, शैतान, माय फ्रेंड पिंटो, शंघाई, एक थी डायन, गली ब्वॉय, सेक्रेड गेम्स-2 जैसी फिल्मों में देखा गया।





# अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं जेसन शाह

जेसन शाह इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल पिछले दिनों अभिनेता ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी एक्स अनुषा दांडेकर के विषय में बातें करते हुए कहा था कि वे उन्हें एक बॉक्स में फिट करने की कोशिश कर रही थीं। इस बात पर अनुषा दांडेकर ने पलटवार करते हुए जेसन को झूठा ठहराया था। आइए अब जानते हैं कि जेसन अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं या वे अनुषा की बातों का जवाब देना चाहते हैं। जेसन शाह पिछले दिनों हीरामंडी में नजर आए थे। दर्शकों को इस शो में उनका किरदार काफी पसंद आया था। वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जेसन अपनी एक्स गर्लफ्रेंड अनुषा दांडेकर के बारे में बातें करते हुए बोले, देखिए मैं पुरानी बातों को याद नहीं करना चाहता हूं। मुझे ये बात बहुत बचकानी सी लगती है। जेसन शाह अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, पास्ट में जो हो गया है उसे हम बदल नहीं सकते हैं तो उस विषय में फिर क्यों बात करना। मैं अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुका हूं और काफी खुश हूं। किसी ने क्या कहा मैं इस बात पर कोई कमेंट नहीं करना चाहता हूं। जेसन शाह से जब पूछा गया कि जब उनके निजी जीवन के बारे में कोई चर्चा करता है तब उन्हें कैसा लगता है। इस सवाल के जवाब वे कहते हैं, सच कहूं तो बुरा नहीं लगता है। एक अभिनेता के रूप में आपको यह समझना होगा कि जब आप एक सार्वजनिक हस्ती बन जाते हैं तो लोग आपके बारे में बात करेंगे ही। आपको बस तय करना है कि किन बातों पर आपको ध्यान देना है और किन बातों को इग्नोर करके आगे बढ़ जाना है।

# बॉलीवुड में काम करने का तरीका बदल गया है, हमें स्टैंड लेना चाहिए

काई पो चे, सुल्तान और गोल्ड जैसी कई फिल्मों में काम कर चुके एक्टर अमित साध ने बॉलीवुड पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अच्छे रोल करने के बावजूद उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। बॉलीवुड में काम करने का तरीका एकदम बदल गया है। जिसकी वजह से वो काफी दुखी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अमित साध ने कहा- बॉलीवुड में जो हो रहा है, वह दुखद है। अच्छे काम करने के बाद भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। हमें एक दूसरे के लिए खड़े होने की जरूरत है। अगर किसी के साथ कुछ गलत हो रहा है तो मुझे लगता है कि स्टैंड लेना चाहिए। लेकिन लोग एक दूसरे की आलोचना करते हैं। अमित साध ने कहा- अगर कोई अच्छा काम नहीं कर रहा है तो उसके काम की आलोचना करना एक सही तरीका होना चाहिए। चाहे वह उसके करियर की डेब्यू फिल्म हो या फिर पांचवी। मैं अपनी एक्टिंग की आलोचना न किए जाने के लिए आभारी हूं। मुझे हमेशा बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर ने यूट्यूब पर अपना बाइकिंग और ट्रैवल रिलेटेड शो शुरू किया है। इससे पहले वो पिछले मोटरसाइकिल से भारत भ्रमण पर निकले थे। मुंबई से शुरू हुई उनकी यात्रा लेह लद्दाख पर पहुंचकर पूरी हुई थी। अमित साध कहते हैं कि यात्रा करना उनको बहुत अच्छा लगता है। मोटरसाइकिल उनके जीवन का अभिन्न अंग रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### यूरो 2024

## पुर्तगाल ने चेक गणराज्य को हराकर जीत के साथ किया आगाज

**लीपजिग, एजेंसी।** स्टॉपेज टाइम में सब्स्टीट्यूट फ्रांसिस्को कोंसिकाओ के गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा। चेक गणराज्य के लिए लुकास प्रोवोड ने 62वें मिनट में गोल दागा। इसके आठ मिनट बाद पुर्तगाल के



लिए रानाक ने रिबाउंड पर बराबरी का गोल किया। इससे करीब 24 साल पहले कोंसिकाओ के पिता सर्जियो ने हैट्रिक लगाकर गत चैम्पियन जर्मनी को यूरो 2000 से बाहर किया था।

छह यूरो चैम्पियनशिप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर सके। वह पुर्तगाल के लिये टूर्नामेंट के इतिहास में 14 गोल कर चुके हैं।

## विराट कोहली बने सबसे महंगे सेलिब्रिटी, रणवीर सिंह और शाहरुख खान को पछाड़ा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इस समय भारत में सबसे महंगे सेलिब्रिटी की सूची में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और रणवीर सिंह को पछाड़ दिया है। कोहली मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, लेकिन इससे उनकी सेलिब्रिटी वैल्यू पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंसल्टेंसी फर्म क्रॉल के अनुसार पिछले साल की तुलना में विराट की कुल ब्रांड वैल्यू में करीब 29 फीसदी का इजाफा हुआ है। साल 2023 में कोहली की ब्रांड वैल्यू करीब 227.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर आंकी गई थी। दूसरे स्थान पर रणवीर सिंह रहे, जिनकी ब्रांड वैल्यू 203.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर रही जबकि सुपरस्टार और आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान 120.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस सूची में एमएस धोनी और सचिन तेंदुलकर भी शामिल हैं। धोनी की ब्रांड वैल्यू 95.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर है जबकि सचिन 91.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ आठवें स्थान पर हैं। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर का मानना ??है कि मौजूदा टी20 विश्व कप में विराट कोहली का खराब प्रदर्शन चिंताजनक नहीं है, क्योंकि यह तूफान से पहले की शांति है। कोहली ने पिछले मैच में यूएसए के खिलाफ शून्य पर आउट होने से पहले आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ क्रमशः 1 और 4 रन बनाए थे। पूर्व भारतीय कप्तान टूर्नामेंट में कप्तान रोहित शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं। कोहली के फॉर्म पर किसी भी संदेह को दूर करते हुए बांगर ने न्यूयॉर्क की पिच की चुनौतीपूर्ण प्रकृति का उल्लेख किया, जहां भारत ने तीनों मैच खेले। अनुभवी ने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि यह पहली बार है जब कोहली आईसीसी टूर्नामेंट में ओपनिंग कर रहे हैं।

# रोहित से भिड़ना तंजीम को पड़ा महंगा, ICC ने ठोका जुर्माना, नियमों के उल्लंघन पर हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तंजीम के खिलाफ आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करने के चलते कार्रवाई की गई। इसके तहत किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी, सहयोग कर्मा, अंपायर, मैच रैफरी या किसी अन्य व्यक्ति के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क करने पर कार्रवाई की जाती है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब को नेपाल के कप्तान रोहित पॉडेल से भिड़ना महंगा पड़ गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने नियमों का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। 16 जून को किंग्सटाउन में बांग्लादेश और नेपाल के बीच खेले गए मैच के दौरान दोनों आमने-सामने आ गए थे।

### क्या है मामला?

दरअसल, यह घटना नेपाल की पारी के तीसरे ओवर की है। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब गेंदबाजी कर रहे थे।





पहली पांच गेंदों में कोई रन नहीं बना। तंजीम दो विकेट लेकर कहर बरपा रहे थे। ओवर की आखिरी गेंद पर रोहित ने डिफेंस किया। हालांकि, इस पर भी कोई रन नहीं बना। तंजीम नेपाल के कप्तान को घूरने लगे जिसके बाद रोहित भी उनके पास चले गए। दोनों के बीच बहस हुई, जिसके बाद माहौल गर्म होता देख अन्य खिलाड़ियों ने बीच बचाव किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें रोहित बांग्लादेशी गेंदबाज को दूर जाने के लिए कहते नजर आए।

### आईसीसी ने की कार्रवाई

आईसीसी की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया कि आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर तंजीम के खिलाफ कार्रवाई की गई। आईसीसी ने कहा, यह घटना नेपाल की पारी के तीसरे ओवर की समाप्ति के ठीक बाद हुई। तंजीम ने एक गेंद फेंकने के बाद नेपाल के कप्तान रोहित पॉडेल की ओर आक्रामक तरीके से घूरते हुए दिखे। साथ ही अनुचित शारीरिक संपर्क किया करने की कोशिश की।

### अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में जुड़ा एक डिमेरिट पॉइंट

तंजीम के खिलाफ आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करने के चलते कार्रवाई की गई। इसके तहत किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी, सहयोग कर्मा, अंपायर, मैच रैफरी या किसी अन्य व्यक्ति के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क करने पर कार्रवाई की जाती है। तेज गेंदबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया। 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध था।

### टिम साऊदी भी हो चुके दुष्टष्ट की कार्रवाई का शिकार

यह पहला ऐसा मामला नहीं है जब आईसीसी ने किसी खिलाड़ी के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन करने पर कार्रवाई की है। इससे पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी पर वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद कार्रवाई की गई थी। 18वें ओवर में आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम में वापस जाते समय उन्होंने गुस्से में हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंसर तोड़ दिया था। हालांकि, उन पर जुर्माना नहीं लगा था। उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया था।

# यदि वेस्ट इंडीज की पिचें टर्न लेती हैं तो कुलदीप विकेट निकाल सकते हैं : फ्लेमिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग ने भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को विकेट लेने वाला गेंदबाज बताते हुए कहा है कि वह वेस्ट इंडीज की टर्न लेती पिचों पर सुपर आठ में कहर बरपा सकते हैं। भारत ने ग्रुप चरण मैचों में आलराउंडर रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को स्पिनर के रूप में रखा है। अक्षर ने तीन विकेट लिए हैं जबकि जडेजा न्यूयॉर्क चरण में विकेट रहित रहे हैं और फ्लोरिडा में कनाडा के खिलाफ मैच बारिश के कारण धुल गया था। फ्लेमिंग ने ईएसपीएन क्रिकइंफो टाइमआउट शो में कहा, हाँ, मुझे ऐसा लगता है, लेकिन उनके पास अभी भी वह अवसर है कि वे दोनों काम कर सकें। आप खेलने के एक तरीके में इतने सेट नहीं हो सकते हैं कि आप परिस्थितियों का लाभ उठाने के अवसर चूक जाएं लेकिन हाँ, मुझे लगता है कि अगर विकेट टर्न प्रदान करते हैं तो शायद कुलदीप विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता प्रदान करने के लिए आएंगे क्योंकि उनका थोड़ा अधिक उपयोग हो जाता है और आप टूर्नामेंट के अंत के करीब पहुँच जाते



हैं।भारत के टीम संयोजन पर टिप्पणी करते हुए, अनुभवी क्रिकेटर ने कहा कि भारत के पास किसी भी स्थिति में खेलने के लिए सभी आधारों के साथ एक संतुलित टीम है।

उन्होंने कहा, जायसवाल एक अच्छे खिलाड़ी हैं, जबकि उन्हें कुछ कठिन निर्णय लेने पड़े, जिससे शीर्ष गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों को छोड़ना हमेशा मुश्किल होता है और जब आपके पास अच्छे खिलाड़ी बैठे हों तो एक योजना बनाना और उस पर टिके रहना हमेशा बहुत मुश्किल होता है, लेकिन उन्होंने जो काम किया है, वह मुझे पसंद है। उन्होंने इसमें सफलता हासिल की है। मेरे विचार से यह एक ऐसी टीम है जिसे कुछ मायनों में फाइनल के लिए चुना गया है, यह एक ऐसी टीम है जिसके पास स्पिनर हैं जो हावी हो सकते हैं। इसमें ऐसे खिलाड़ी हैं जो स्पिन पर हावी हो सकते हैं और हमने देखा है कि वेस्ट इंडीज में स्पिन काफी बड़ी भूमिका निभाती है, न्यूयॉर्क में इतनी बड़ी भूमिका नहीं निभाती। फ्लेमिंग ने कहा, तो, मुझे लगता है कि उन्होंने अपना काम पूरा कर लिया है और उनके दिमाग में काफी चतुराई भरी सोच है। ऐसा लगता है कि राहुल और लड़कों ने कुछ ऐसा ही किया है, उन्होंने एक ऐसी टीम चुनी है जिसके बारे में उन्हें लगता है कि यह एक टर्निंग ट्रैक पर खेल सकती है, इससे हमें शीर्ष पर अपना सर्वश्रेष्ठ मौका मिलेगा और इसमें अच्छा संतुलन होगा। भारत आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ लगातार तीन जीत सहित सात अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम गुरुवार, 20 जून को बारबाडोस में अपने पहले सुपर आठ मैच में अफगानिस्तान से भिड़ेगी।

# पेरिस ओलंपिक से पहले नीरज ने जीता गोल्ड, सीएम नायब सैनी ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैवलिन थ्रो स्टार नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया है। नीरज ने फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्स 2024 में यह सफलता हासिल की है। हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने इस मौके पर उन्हें बधाई दी है। टोक्यो ओलंपिक में जैवलिन थ्रो के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड में आयोजित पावो नूरमी गेम्स में जेवलिन में यह जीत हासिल की। उन्होंने 85.97 थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया। नीरज ने इस जीत के साथ पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी फॉर्म को लेकर अच्छे संकेत दे दिए हैं। इस खास मौके पर सीएम नायब सैनी ने उन्हें बधाई दी है। सीएम ने कहा, नीरज चोपड़ा को बधाई, वो देश का सम्मान लगातार बढ़ा रहे हैं। उन्हें गोल्ड मेडल जीतने के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। उनकी इस जीत से पूरा देश खुश है, वो आगे भी इसी तरह देश के लिए मेडल जीतते रहें। चोट के बाद वापसी कर रहे नीरज का इस इवेंट में बेस्ट थ्रो 85.97 मीटर का रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने यह दूरी हासिल की। पहले प्रयास में 83.62 का बेस्ट थ्रो नीरज ने ही मारा था। लेकिन दूसरे प्रयास में फिनलैंड के ओलिवर हेलैंडर ने जेवलिन को 83.96 मीटर दूर फेंक दिया। तीसरे प्रयास में नीरज ने जो बढ़त बनाई वो अंत तक कायम रही। अगले महीने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलिंपिक गेम्स का आयोजन होगा, जिससे पहले नीरज की शानदार वापसी ने आगामी पेरिस ओलंपिक को लेकर उनकी मजबूत तैयारियों की गवाही दी है।



# नबी को पछाड़कर नंबर एक टी20 ऑलराउंडर बने स्टोइनिस, सूर्यकुमार बल्लेबाजों में शीर्ष पर बरकरार

**दुबई, एजेंसी।** स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने, जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ। श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ऑलराउंडर्स में दूसरे और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर हैं। टी20 विश्व कप 2024 के बीच आईसीसी ने ताजा टी20 रैंकिंग जारी की है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर ताजा आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा संस्करण में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की।

**शीर्ष 10 टी20 ऑलराउंडर्स में पांड्या एकमात्र भारतीय –** स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने, जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ। श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ऑलराउंडर्स में दूसरे और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर हैं। नबी चौथे, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा छठे और भारत के हार्दिक पांड्या सातवें स्थान पर हैं। पांड्या को तीन मैचों में शानदार गेंदबाजी की वजह से एक स्थान का फायदा हुआ। शीर्ष 10 टी20 ऑलराउंडर्स में पांड्या एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

**गेंदबाजों में रशीद शीर्ष पर बरकरार –** वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद शीर्ष पर बने हुए हैं। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं।

**अक्षर शीर्ष 10 टी20 गेंदबाजों में एकमात्र भारतीय –** गेंदबाजों में हसरंगा तीसरे, राशिद चौथे, नॉर्त्जे पांचवें और अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी छठे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड सातवें, एडम जैम्पा आठवें और भारत के अक्षर पटेल नौवें स्थान पर हैं। अक्षर को दो स्थान का नुकसान हुआ है। श्रीलंका के महीश तीक्ष्णा 10वें स्थान पर हैं। अक्षर शीर्ष 10 टी20 गेंदबाजों में भारत के एकमात्र खिलाड़ी हैं।

**बल्लेबाजों में सूर्यकुमार शीर्ष पर –** भारत के सूर्यकुमार यादव खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। फिल









सॉल्ट, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड पांच स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन 11वें पायदान पर हैं। पूरन को आठ स्थान का फायदा हुआ है। वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड 43 पायदान की लंबी छलांग के साथ 42वें स्थान पर हैं।नबी को पछाड़कर नंबर एक टी20 ऑलराउंडर बने स्टोइनिस, सूर्यकुमार बल्लेबाजों में शीर्ष पर बरकरार

स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने, जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ। श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ऑलराउंडर्स में दूसरे और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर हैं। टी20 विश्व कप 2024 के बीच आईसीसी ने ताजा टी20 रैंकिंग जारी की है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर ताजा आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा संस्करण में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की।


**शीर्ष 10 टी20 ऑलराउंडर्स में पांड्या एकमात्र भारतीय –** स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने, जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ। श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ऑलराउंडर्स में दूसरे और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर हैं। नबी चौथे, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा छठे और भारत के हार्दिक पांड्या सातवें स्थान पर हैं। पांड्या को तीन मैचों में शानदार गेंदबाजी की वजह से एक स्थान का फायदा हुआ। शीर्ष 10 टी20 ऑलराउंडर्स में पांड्या एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

**गेंदबाजों में रशीद शीर्ष पर बरकरार –** वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद शीर्ष पर बने हुए हैं। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं।

# कोच पद छिनने के बाद इगोर स्टिमैक ने दी AIFF को चेतावनी

### कहा- 10 दिन में भुगतान करो नहीं तो..

नई दिल्ली, एजेंसी। स्टिमैक पिछले साल सैफ चैम्पियनशिप, त्रिकोणीय सीरीज और इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतकर एक साल में तीन ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच बने थे। हालांकि, भारत इस साल एएफसी एशियाई कप में आस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान से हार गया था। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमैक और अखिल भारतीय फुटबॉल संघ के बीच ठन गई है। दिग्गज ने हेड कोच पद से बर्खास्त किए जाने के बाद एआईएफएफ को चेतावनी दी है कि 10 दिन में उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह फीफा ट्रिब्यूनल में उसके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे।





दरअसल, हाल ही में हुए फीफा विश्व कप 2024 क्वालिफायर में टीम इंडिया का प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद एआईएफएफ ने स्टिमैक को हेड कोच पद से बर्खास्त कर दिया था। भारतीय टीम ने दूसरे राउंड में कुवैत से ड्रॉ खेला था, जबकि कतर से अहम मुकाबले में हार गई थी। ऐसे में टीम इंडिया ने पहली बार फीफा विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका गंवा दिया था।

### स्टिमैक के नेतृत्व में कई खिताब जीते

स्टिमैक पिछले साल सैफ चैम्पियनशिप, त्रिकोणीय सीरीज और इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतकर एक साल में तीन ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच बने थे।

# केन विलियमसन ने शर्मनाक प्रदर्शन के बाद छोड़ी कप्तानी, इस खिलाड़ी ने भी की बगावत!

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** टी20 विश्व कप से न्यूजीलैंड के अप्रत्याशित रूप से जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान केन विलियमसन ने 2024 . 25 के लिए राष्ट्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर को विस्तार देने के लिए सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा, 'सभी प्रारूपों में टीम को आगे ले जाना मेरा जुनून रहा है और मैं आगे भी योगदान देते रहना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन इस सत्र में विदेश में खेलने के मौकों के कारण मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध नहीं ले सकूंगा।'

न्यूजीलैंड को जनवरी में बहुत कम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना है। दिसंबर 2022 में टेस्ट कप्तानी छोड़ने वाले विलियमसन इस दौरान तीनों प्रारूप खेलने के लिए उपलब्ध



होंगे। 33 वर्ष के इस धुरंधर ने कहा, 'न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरे लिए खास है और टीम के लिए योगदान देने की मेरी ख्वाहिश जस की तस है। क्रिकेट के बाहर मेरी जिंदगी हालांकि बदल गई है। परिवार के साथ अधिक समय बिताना , उनके साथ देश विदेश में अनुभव का लुत्फ उठाना मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।'न्यूजीलैंड टीम को क्रिसमस से पहले आठ टेस्ट खेलने हैं जिनमें भारत दौरा और इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला शामिल है। जनवरी में यूएई आईएलटी20, दक्षिण अफ्रीका की एसए20, ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग, बांग्लादेश की बीपीएल होने वाली है। इसके बाद फरवरी मार्च में पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध लेने वाले खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए उपलब्ध रहना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तपती सड़कों पर ग्राहकों को तरसे रेहड़ी-पटरी वाले, घर खर्च चलाना मुश्किल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, जिसका असर कारोबार के सभी क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर रेहड़ी-पटरी लगाने वाले लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। गर्मी के कारण ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट हुई है, जिससे आय में भी कमी आई है। तेज धूप से बचने के लिए उनके पास कोई इंतजाम भी नहीं है। मंगलवार को 'हिन्दुस्तान' टीम ने दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में स्ट्रीट वेंडरों से बात की तो उन्होंने अपनी परेशानी को बयां किया... बीते चार साल से कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशन के पास ठेला लगाने वाले मुनीश बताते हैं कि वह बर्गर, टिक्की और गोलगप्पे बेचते हैं। यहां पर हमेशा काम चलता रहता था, लेकिन गर्मी के चलते बिक्री में कमी आई है। अब केवल शाम के समय ही लोग थोड़ा बहुत खाने आते हैं। शाम के वक्त भी जितने लोग मार्च के महीने में आ रहे थे, उसके मुकाबले करीब 50 प्रतिशत से कम हैं। गर्मी के चलते सामान खराब होने का खतरा कहीं ज्यादा रहता है। इसलिए थोड़ा बनाकर लाते हैं, लेकिन गर्मी से बचाने के लिए उसमें भी करीब 100 रुपये का बर्फ खर्च हो जाता है। शाहदरा के वेस्ट गोरखपार्क इलाके में रेहड़ी पर सब्जी बेचने वाले महेश कुमार का 20 फीसदी तक काम प्रभावित हो गया है। गर्मी के चलते ग्राहक सब्जी खरीदने के लिए पहले की तरह नहीं आ रहे हैं। दिन में दस घंटे रेहड़ी पर महेश कुमार सब्जी की बिक्री करते हैं। इसमें सुबह-शाम दो-दो घंटे गलियों में घूमकर और बाकी घंटों में अपने निर्धारित ठीये पर सब्जी बेचते हैं। महेश ने बताया कि गर्मी के चलते अब पहले जैसा काम नहीं है। गलियों में भी ज्यादा फेरे नहीं लगा पा रहा हूं। लू से खुद को भी बचाना जरूरी है। ठीये पर शाम सात बजे के बाद ही खरीदार सब्जी खरीदने के लिए आते हैं। गर्मी की वजह से सब्जी भी जल्दी खराब हो जाती है। उसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। पहले की तुलना में सब्जी की बिक्री 20 फीसदी तक घट गई है।

### मॉनसून के लिए दिल्ली तैयार, एमसीडी ने जलभराव से निपटने का बनाया एक्शन प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम ने मानसून के दौरान जलभराव रोकने के लिए कार्य योजना तैयार की है। इसके तहत नालों और नालियों की सफाई की जा रही है। महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को निगम मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान निगम प्रशासन की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ नेता सदन मुकेश गोयल भी उपस्थित रहे। महापौर ने बताया कि निगम के अधीन चार फीट से ऊपर के 713 नाले हैं, जिनकी लंबाई लगभग 460 किलोमीटर है।

चार फीट से नीचे के लगभग 21 हजार नाले हैं। जिनकी लंबाई लगभग 6600 किलोमीटर है। इन नालों की सफाई का काम दो चरणों में करते हैं। पहले चरण में मानसून से पहले नालों की सफाई होती है और दूसरे चरण में मानसून के खत्म होने के बाद सफाई होती है। पहले चरण में चार फीट से ऊपर के नालों की सफाई का काम 92 से 93 फीसदी तक हो चुका है। चार फीट से नीचे के नालों की सफाई काम काम 85 फीसदी तक पूरा हो चुका है।

महापौर ने कहा कि पिछले वर्ष जिन स्थानों पर जलभराव हुआ था। वहां पर विशेष ध्यान देंगे। मानसून के दौरान सभी स्थायी पंपिंग स्टेशनों पर 24 घंटे और सातों दिन स्टाफ उपलब्ध रहेगा। निगम के अधीन कुल 70 से 80 पंप हैं। अस्थाई पंप की संख्या 450 से 500 है। वार्ड स्तर पर जोनल टीम बनाई गई हैं, जिसमें जूनियर इंजीनियर, सफाई कर्मचारी, नाला बेलदार और रखरखाव और डेम्स विभाग के कर्मचारी शामिल किए हैं। महापौर ने बताया कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) का गठन किया है। हर जोन में एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है। अधिकारी की जिम्मेदारी जोन में जलभराव वाले स्थानों को चिह्नित कर निगरानी करनी होगी।

# घर के छूटे कामकाज, टैंकर पर सुबह-सुबह ही लग जाती है लंबी लाइन

## दिल्ली में पानी की किल्लत से बुरा हाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लोग भीषण गर्मी की तपिश झेलने के साथ ही पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। घर के काम छोड़कर सुबह से ही पानी भरने के लिए टैंकर की लाइन में लगे लोग दिखना आम बात हो गई है। जिस तरह से इस साल पानी कि किल्लत हो रही है उससे जल्द ही हालात में सुधार आने के आने की गुंजाइश कम लग रही है। सुबह दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार में कुसुमपुर पहाड़ी से लेकर पूर्वी दिल्ली में गीता कॉलोनी और दक्षिण पूर्वी दिल्ली में ओखला तक लोग लाइन में डिब्बे और बाल्टियां थामे दिखे। पानी के टैंकरों के आसपास काफी भीड़ दिखी।

### पानी को तरसे कई इलाके

गर्मी के मौसम की शुरुआत से ही राजधानी के कई इलाकों में ऐसे नजारे आम हो गए हैं। चाणक्यपुरी का संजय कैंप, पूर्वी दिल्ली की गीता कॉलोनी, पटेल नगर, महरौली और छतरपुर राष्ट्रीय राजधानी के कुछ ऐसे इलाके हैं जो भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। ओखला के एक स्थानीय निवासी ने अपनी दुर्दशा बताते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन करने के बजाय सभी राजनीतिक दलों को एक साथ खड़े होकर इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए।

### सांसद भी करें पानी का इंतजाम

उन्होंने कहा, हर साल मई और जून में दिल्ली में जल संकट होता है। मानसून शुरू होते ही यह समस्या खत्म हो जाएगी। दिल्ली सरकार द्वारा किए गए इंतजाम से हमें पानी मिल रहा है।

लोकसभा चुनाव में दिल्ली से भाजपा ने सभी सातों सीटें जीती हैं। सभी दलों को विरोध करने के बजाय एक-दूसरे का सपोर्ट करना चाहिए। मटका फोड़ प्रदर्शन करने से कुछ नहीं होगा। सांसदों को भी शहर में पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। इस बीच, हरियाणा ने मौजूदा जल संकट के बीच मानवीय आधार पर दिल्ली को अतिरिक्त जलापूर्ति करने से मना कर दिया है।

### हरियाणा प्रधान सचिव के साथ बैठक

राजधानी में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार के अधिकारियों के एक हाई लेवल प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव (जल संसाधन) के साथ बैठक की। दिल्ली सरकार ने हरियाणा सरकार से दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की। यह बैठक मंगलवार को चंडीगढ़ में हुई। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने भीषण गर्मी की वजह से जल संकट को कम करने के लिए समन्वय की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। आप नेता ने दिल्ली के नागरिकों की तकलीफ को कम करने के लिए तत्काल मदद का आह्वान किया और संकट के कम होने तक यमुना जल वितरण पर चर्चा स्थगित कर दी।

### महामाया फ्लाईओवर से जुड़ेगा नोएडा जंगल ट्रेल, इसी हफ्ते शुरू होगा काम; वाहनों के लिए बंद होगी एक लेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा जंगल ट्रेल पार्क के लिए अंडरपास बनाने का काम इसी सप्ताह शुरू हो जाएगा। ओखला पक्षी विहार के पास बनने वाले वेस्ट टू वंडर पार्क को महामाया फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास से जोड़ा जाएगा। अंडरपास का काम शुरू होते ही यहां वाहनों के लिए एक लेन बंद कर दी जाएगी। एक लेन में दिल्ली के कालिंदी कुंज से दलित प्रेरणा स्थल की ओर ट्रैफिक आता रहेगा। अंडरपास के जरिए लोग पार्क के एक-दूसरे हिस्से में जा सकेंगे। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अंडरपास के निर्माण में करीब दो करोड़ रुपये की लागत आएगी।

कालिंदी कुंज से आकर दलित प्रेरणा स्थल की ओर जाने वाली सड़क पर फर्नीचर मार्केट के पास यह अंडरपास बनाया जाएगा। यह करीब सात मीटर चौड़ा और 24.40 मीटर लंबा होगा। काम शुरू होने पर पांच-छह महीने में अंडरपास का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि अंडरपास के जरिए पार्क में अपने वाहनों से आने वाले लोग एक से दूसरे हिस्से में आ-जा सकेंगे। वेस्ट टू वंडर पार्क के नाम में बदलाव कर नोएडा जंगल ट्रेल कर दिया गया है।

प्राधिकरण की तरफ से बताया गया कि पार्क निर्माण को जेड-टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी का चयन हो चुका है। यह एजेंसी पहले दिल्ली में भारत दर्शन पार्क और वर्ल्ड ऑफ सेवन वंडर्स पार्क भी बना चुकी है। ये पार्क बनाने के लिए प्राधिकरण ने दिल्ली के वेस्ट टू वंडर पार्क का मॉडल देखा था। पार्क 18.27 एकड़ में बनेगा। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस पार्क में भविष्य में नाइट सफारी भी बनाने की योजना है।

नाइट सफारी शुरू होने पर रात 11 बजे तक पार्क खुलेगा। जंगल ट्रेल में लगने वाली आकृतियों को तैयार करने का काम संबंधित एजेंसी कर रही है। महामाया फ्लाईओवर के नीचे खाली पड़ी जगह में आकृति तैयार की जा रही है। इसके अलावा एक दूसरी जगह स्टोर में भी यह काम चल रहा है।

## आइएएस अश्विनी कुमार बने एमसीडी के नए आयुक्त, 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं कुमार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अश्विनी कुमार को एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) का आयुक्त नियुक्त किया है, वे अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश कैडर के 1992 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी ज्ञानेश भारती का स्थान लेंगे, जिन्हें मार्च में अतिरिक्त सचिव के रूप में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में स्थानांतरित किया गया था।

गृह मंत्रालय ने मंगलवार को तत्काल प्रभाव से आइएएस अश्विनी कुमार को नियुक्त किया है। वह बुधवार से कार्यभार संभाल सकते हैं। इस संबंध में उपराज्यपाल कार्यालय को भी मंत्रालय की तरफ से सूचना भेज दी गई है।

अश्विनी कुमार पहले भी निगम प्रशासन की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। केंद्र सरकार ने उन्हें वर्ष 2022 में विशेष अधिकारी के पद पर नियुक्त किया था। महापौर चुनाव होने तक उन्होंने ही नगर निगम प्रशासन का कार्यभार संभाला था। पूर्ववर्ती तीनों नगर निगमों- पूर्ववर्ती उत्तरी दिल्ली नगर निगम, पूर्ववर्ती दक्षिणी दिल्ली नगर निगम और पूर्ववर्ती पूर्वी दिल्ली नगर निगम का अप्रैल 2022 में एकीकरण हुआ था। तब से लेकर दिसंबर 2022 तक अश्विनी कुमार निगम के विशेष अधिकारी रहे थे। इसी दौरान आइएएस अधिकारी ज्ञानेश भारती को एकीकृत निगम के आयुक्त के पद पर कार्यभार संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी।

विशेष अधिकारी के तौर पर अश्विनी कुमार को निगम की सबसे ताकतवर समिति, स्थायी समिति की शक्तियां भी प्रदान की गई थी। जिसके तहत वह निगम की विभिन्न बड़ी परियोजनाओं पर फैसले लेने के लिए स्वतंत्र थे।

**2023-24 वित्तीय बजट पर लिया था फैसला:** एकीकृत निगम के 7 दिसंबर 2022 को हुए चुनाव के बाद फरवरी 2023 तक आइएएस अधिकारी अश्विनी कुमार ने अपनी जिम्मेदारियों को देखा। इस दौरान उन्होंने 15 फरवरी 2023 से पहले तक निगम के 2023-24 वित्तीय वर्ष के बजट पर फैसला लिया था। जिसमें उन्होंने संपत्तिकर व अन्य करों को निर्धारित किया था। साथ ही निगम के सभी विभागों की निधि को भी तय किया था।

**अभी इन पद पर हैं तैनात:** इससे पहले आइएएस अधिकारी अश्विनी को अक्टूबर 2022 में दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव पद पर केंद्र सरकार ने नियुक्ति दी थी। इस दौरान वह दिल्ली सरकार के कई बड़े विभागों की भी अहम जिम्मेदारियों को संभाल रहे थे। अश्विनी कुमार वर्तमान में दिल्ली सरकार के राजस्व व?िभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और मंडलायुक्त का पद संभाल रहे हैं। गृह मंत्रालय द्वारा राज निवास को भेजे गए आदेश के अनुसार, मुझे यह कहने का निर्देश दिया गया है कि सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन के साथ, अश्विनी कुमार आइएएस , 1992 को तत्काल प्रभाव से दिल्ली नगर निगम का आयुक्त नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

## अरुंधति के खिलाफ 1 हजार पेज की चार्जशीट, भड़काऊ भाषण मामले में पुलिस अगले हफ्ते कर सकती है दाखिल




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अतंर्राष्ट्रीय लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के कथित भड़काऊ भाषणों को लेकर यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस अगले सप्ताह आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। बता दें कि यह मामला साल 2010 का है, जब नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में इन दोनों ने कश्मीर को लेकर वह भड़काऊ भाषण दिया था।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एक हजार से अधिक पन्नों की चार्जशीट तैयार की है, जिसमें रॉय और हुसैन पर कई वीडियो और फोरेंसिक सबूतों के आधार पर आरोप लगाए गए हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि पुलिस ने 6 से अधिक चश्मदीदों के बयानों का हवाला भी दिया है, साथ ही सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के जांच की फोरेंसिक रिपोर्ट भी पुलिस ने उपलब्ध कराई है।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शुक्रवार को यूएपीए की धारा 45 (1) के तहत उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी।

अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन पर 21 अक्टूबर, 2010 को कोपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में आजादी - द ओनली वे के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले में नई दिल्ली के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित की शिकायत पर तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई थी। बाद में मामले को आगे की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दिया गया था।

## इजरायल और हमास के बीच जंग जारी, नेतन्याहू ने जो बाइडन पर लगाया हथियार आपूर्ति रोकने का आरोप



**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को दावा किया कि अमेरिका हथियार रोके हुए है। नेतन्याहू ने एक वीडियो जारी कर हथियारों के हस्तांतरण में अड़चनों को लेकर बाइडन की आलोचना की। नेतन्याहू ने यह नहीं बताया कि कौन से हथियार रोके जा रहे हैं। नेतन्याहू के विदेश नीति सलाहकार ने इस बारे में पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया। नेतन्याहू ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हाल ही में इजरायल की यात्रा के दौरान कहा था कि हथियार आपूर्ति में देरी की समस्या को समाप्त करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। हालांकि, ब्लिंकन ने मंगलवार को विदेश विभाग में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजरायल को हथियार भेजने में एकमात्र रुकावट मई से भारी बमों से संबंधित थी। गौरतलब है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में नागरिकों की हत्या की चिंताओं के कारण मई से इजरायल को हथियार देने में देरी की है। रफाह सहित पूरे दक्षिणी हिस्से में इजरायली सैनिकों और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच लड़ाई जारी है। इजरायली सेना ने कहा है कि वह पूर्व की भांति खुफिया सूचनाओं पर आधारित कार्रवाई रफाह और अन्य जगहों पर जारी रखेगी।

## चीन में शादी से कुछ दिन पहले लड़का-लड़की की दर्दनाक मौत, याद में घरवालों ने कराया भूत विवाह



**बीजिंग, एजेंसी।** कार हादसे में मारे गए लड़का-लड़की की दर्दनाक मौत हो गई। जोड़ा तीन साल से एक-दूसरे को डेट कर रहा था और जल्द ही शादी करने वाला था। लेकिन, इससे पहले ही अनहोनी हो गई। हालांकि दोनों के घरवालों ने उनकी याद में भूतिया शादी का आयोजन किया। शादी के मंडप पर उनकी साथ वाली तस्वीरें रखी गई। परिवारवालों का कहना है कि वे चाहते थे कि वे अपने एक-दूसरे के बने रहें और हमने उनकी आखिरी इच्छा को पूरा किया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में छपि खबर के मुताबिक, मलेशियाई जोड़े यांग जिंगशान और ली जुएयिंग तीन साल से अधिक समय से डेटिंग कर रहे थे और शादी करने की योजना बना रहे थे। यांग जिंगशान ने 2 जून 2024 को बैंकॉक में अपना जन्मदिन मनाने की योजना बनाई थी। यह जन्मदिन इसलिए भी खास था क्योंकि उसने अपनी प्रेमिका को शादी का प्रस्ताव देने की योजना बनाई थी। हालांकि, चीजें अचानक से तब बदल गई जब 24 मई को दोनों की एक कार हादसे में मौत हो गई। हादसा उत्तर-पश्चिमी मलेशिया के पेराक शहर में हुआ। दोनों की कार पलट गई और कोई भी जीवित नहीं बचा।

# कनाडाई संसद में आतंकी निज्जर के लिए मौन रखा गया

## हत्या के 1 साल पूरे, ट्रूडो बोले- नई भारत सरकार के साथ सुरक्षा पर चर्चा करेंगे

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की संसद में मंगलवार (18 जून) को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के एक साल पूरे होने पर एक मिनट का मौन रखा गया। कनाडाई संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में पहले स्पीकर ग्रेग फर्गस ने शोक संदेश पढ़ा और उसके बाद सभी सांसदों से निज्जर के लिए मौन रखने को कहा गया।

दरअसल, 18 जून 2023 की शाम को कनाडा के सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने पिछले साल 18 सितंबर को भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था।

मामले में एक्शन लेते हुए कनाडा की ट्रूडो सरकार ने भारत के एक सीनियर डिप्लोमैट को देश से





निकाल दिया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच विवाद बढ़ता चला गया। हालांकि बाद में ट्रूडो ने कई बार भारत से रिश्ते बनाए रखने की बात कही थी।

ट्रूडो बोले- हमारे भारत के साथ गहरे संबंध

ट्रूडो ने कहा कि जी7समिट में मुझे कई सारे देशों से बातचीत करने का मौका मिला। उनमें से एक भारत भी था। हमारे भारत के साथ गहरे और महत्वपूर्ण आर्थिक संबंध हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में मोदी तीसरी बार चुनाव जीत चुके हैं, तो मुझे लगता है कि हमारे लिए बातचीत के रास्ते खुले हैं। हम दोनों देशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा, कनाडाई नागरिकों की सुरक्षा और कानून के शासन जैसे अहम मुद्दे पर बातचीत करेंगे।

इससे पहले जी 7 समिट के दौरान पीएम मोदी ने कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो से मुलाकात की। यह खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या से भारत-कनाडा के बीच शुरू हुए विवाद के बाद पहला मौका था, जब दोनों नेता मिले थे।

कनाडा ने पिछले महीने ही निज्जर हत्याकांड मामले में 4 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया था। एडमॉन्टन में रहने वाले 22 साल के करण ब्रार, 22 साल के कमलप्रीत सिंह और 28 साल के करणप्रीत सिंह पर फर्स्ट-डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप में लगे थे। इसके बाद एक और भारतीय अमनदीप सिंह को कनाडाई अधिकारियों ने कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## ईरान के अस्पताल में आग लगने से जिंदा जलकर मर गए 9 मरीज

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के उत्तरी हिस्से में स्थित एक अस्पताल में आग लग गई, जिससे 9 मरीजों की जिंदा जलने से मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि राजधानी तेहरान से उत्तर-पश्चिम में लगभग 330 किलोमीटर (लगभग 205 मील) दूर रश्त शहर के कायम अस्पताल में स्थानीय समयानुसार कल देर रात एक बज कर करीब तीस मिनट पर आग लग गई, जिसमें छह महिलाओं और तीन पुरुषों की मौत हो गई।

शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख शाहराम मोमेनी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बेसमेंट में बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे आग लग गई। वहीं पर गहन चिकित्सा इकाई स्थित है। मोमेनी ने कहा कि आपातकालीन कर्मचारियों ने वहां फंसे 140 से ज़्यादा लोगों, मरीज़ों और अस्पताल के कर्मचारियों को निकाला और उनमें से 120 को अन्य चिकित्सा सुविधाओं में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में आधी रात को अस्पताल से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129